RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर




"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः12 , रविवार, 22 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में 55वां सद्गुरु महायज्ञ 9 से 29 मार्च तक 03



जनता दरबार में जमीन विवाद के मामलों की भरमार, कई का ऑन-द-स्पॉट निपटारा 04

नित्या मेनन ने बढ़ाया एक और कदम, अब प्रोड्यूसर बन जीतेंगी लोगों का... 07

## जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

- सड़क किनारे ही रखा था मौत का सामान, एजेंसियां अलर्ट

**श्रीनगर (एजेंसी)।** देशभर में पूजा स्थलों और ऐतिहासिक इमारतों पर आतंकी हमले की साजिश के अलर्ट के बीच कश्मीर में एक बड़ा हादसा टल गया है। जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सड़क के किनारे ही इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोजिव डिवाइस (आईईडी) पाया गया है। कोहेस्तान कॉलोनी के पास ही गुलाब शेख मोहल्ले में इसे सड़क के किनारे एक बैग में रखा गया था। हालांकि एजेंसियों को इसकी जानकारी मिल गई और बम निरोधक दस्ते ने पहुंचकर इसे निष्क्रिय कर दिया। एक दिन पहले ही बारामूला



जिले के जांबाजपोरा इलाके में आईडी पाया गया था। सेना ने आईईडी मिलने के बाद बड़ी सावधानी से इसे निष्क्रिय कर दिया। सेना का कहना है कि यह आतंकियों की साजिश है। बता दें कि घाटी में सुरक्षाबलों की सतर्कता और एजेंसियों के अलर्ट रहने की वजह से कई हादसे टाले गए हैं। दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के संगठन लश्कर ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है।

## बुढ़ापा पेंशन 3100 और शगुन योजना में एक लाख

- सत्ता में वापसी के लिए अकाली दल ने लगाई वादों की झड़ी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में अगले साले विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले ही राजनीतिक दलों ने वोटर्स को लुभाने के लिए वादे करने शुरू कर दिए है। शिरोमणि अकाली दल ने दो बड़ी घोषणाएं की है। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने कहा है कि गरीब परिवारों का हित उनकी राजनीति का केंद्र है। यदि उनकी पार्टी को सत्ता मिली तो बेटियों की शादी के लिए दी जाने वाली 'शगुन' राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, वृद्धावस्था पेंशन को



3,100 रुपये प्रतिमाह तक बढ़ाने और 'आटा-दाल' योजना को अतिरिक्त वस्तुओं के साथ फिर से शुरू करने का वादा किया। फिरोजपुर जिले के जीरा कस्बे में आयोजित 'पंजाब बचाओ' रैली के दौरान बादल का जोरदार स्वागत हुआ। यह कार्यक्रम हलका इंचार्ज हरप्रीत सिंह हीरो की अगुवाई में आयोजित किया गया था। बादल ने कहा कि रैली में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत है कि पंथक क्षेत्र के लोग अकाली दल के साथ खड़े होने का मन बना चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके पास पंजाब के विकास के लिए स्पष्ट दृष्टि है।

## भारत ड्रग्स-दवाओं और वैक्सीन बनाने में वर्ल्ड लीडर बनाःनड्डा

- केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा बोले, सोलन में लांच की नई वैक्सीन

**शिमला (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली में नई वैक्सीन लांच की। उन्होंने संस्थान में टीटनेस और एडल्ट डिफ्थीरिया वैक्सीन का शुभारंभ किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि यह स्वदेशी वैक्सीन सीआरआई के प्रयासों से बनी है। यह नई वैक्सीन किशोरों और वयस्कों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं को भी टीटनेस और डिफ्थीरिया से सुरक्षा प्रदान करेगी। डिफ्थीरिया वैक्सीन, टीटनेस टॉक्सॉइड वैक्सीन की जगह लेने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे डिफ्थीरिया के खिलाफ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। जेपी नड्डा ने कहा कि



भारत ने ड्रग्स, दवाओं और वैक्सीन बनाने में वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित किया है। इसमें सीआरआई कसौली का बहुत बड़ा रोल है। सीआरआई कसौली का 120 सालों का इतिहास है। डिफ्थीरिया वैक्सीन अब यूनिवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी। टीटनेस एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो क्लॉस्ट्रिडियम टेटानी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह बैक्टीरिया मिट्टी-धूल से बनता है।

- इंदौर में भाजपा-कांग्रेस में जमकर पथराव, कई जख्मी

## एआई समिट वाली लड़ाई अब खून खराबे पर आई

**भोपाल (एजेंसी)।** दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं (भाजयुमो) ने इंदौर में शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन का विरोध करने के लिए कांग्रेस दफ्तर की ओर कूच किया। इस दौरान कांग्रेस और भाजयुमो कार्यकर्ताओं में पथराव भी हुआ। सड़क पर एक तरफ कांग्रेस कार्यकर्ता थे तो दूसरी तरफ बीजेपी के कार्यकर्ता। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका। पुलिस ने इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।



दोनों एक दूसरे पर पहले पथराव का आरोप लगा रहे हैं वहीं दो पत्रकार समेत कुछ लोग जख्मी हुए हैं। मौके पर भारी पुलिसबल तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रण में लेने के प्रयास जारी रहे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेताओं को जब इसकी सूचना मिली की भाजयुमो कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने आ रहे हैं तो कांग्रेस नेताओं ने भी पूरी तैयारी कर ली थी।

- **चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका-** आपको बता दें कि भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई इंफैक्ट समिट के एक प्रदर्शनी हॉल में पहुंचकर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए थे। इस विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई जिसके बाद आरोपियों को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।

विरोध प्रदर्शन को बीजेपी ने देशद्रोह बताया है।

## मंदिरों पर हमले की फिराक में लश्कर के कई आतंकी

- दिल्ली का लाल किला भी निशाने पर, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खुफिया एजेंसियों ने देश की राजधानी दिल्ली सहित कई बड़े शहरों में आतंकवादी हमले का एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले और अन्य प्रमुख शहरों के बड़े मंदिरों के पास धमाके करने की योजना बना



रहा है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, आतंकी संगठन का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना और दहशत फैलाना है। लाल किले के आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे शहरों के प्रसिद्ध मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आतंकवादी लाल किले के आसपास के इलाकों और घनी आबादी वाले चांदनी चौक इलाके में मौजूद मंदिरों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से हमला करने की कोशिश कर सकते हैं।

# 5 साल में 20 अरब डॉलर के व्यापार का है लक्ष्य

- भारत और ब्राजील रिश्ते को मिल गई है नई मजबूती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों देश अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि लूला के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत-ब्राजील संबंधों को



नई ऊर्जा दी है। राष्ट्रपति लूला ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए हैं, जिससे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती मिली है। पीएम मोदी ने लूला की भारत के प्रति गहरी दोस्ती और विश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक महत्व की है। यह यात्रा जुलाई 2025 में पीएम मोदी की ब्राजीलिया यात्रा के बाद हो रही है, जो 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऐसी यात्रा थी।

**व्यापार केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक -** ब्राजील भारत का लैटिन अमेरिका में सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 15 अरब डॉलर के आसपास है, जो क्षमता से काफी कम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने जोर दिया कि व्यापार केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक है। ब्राजील से आए बड़े व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी इस विश्वास को दर्शाती है। भारत-मर्कोसुर व्यापार समझौते के विस्तार से आर्थिक सहयोग और बढ़ेगा। दोनों देश प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग को अहम मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के लिए।

## एआई समिट में प्रदर्शन यूथ कांग्रेस को पड़ गया भारी

- दिल्ली की कोर्ट ने चार कार्यकर्ताओं को पुलिस हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआई समिट में 'कमीज उतारकर विरोध प्रदर्शन' करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को पुलिस की याचिका पर ये फैसला सुनाया। पुलिस ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के आयोजन स्थल पर प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं की पांच दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शनिवार न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# भारत के लिए इजरायल ने ताक पर रखे सारे नियम

- सीक्रेट हथियारों का जखीरा देने को हो गया है तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25-26 फरवरी को इजरायल की दो दिवसीय महत्वपूर्ण यात्रा पर जा रहे हैं। वैश्विक भू-राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच यह यात्रा भारत और इजरायल के बीच रक्षा और सामरिक साझेदारी को एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाने वाली मानी जा रही है। इस दौरे का मुख्य केंद्र भारत की सुरक्षा प्रणाली को अभेद्य बनाना और अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों का हस्तांतरण है। इस यात्रा के दौरान किसी बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर होने की औपचारिक घोषणा की संभावना तो कम है, लेकिन इसका कारण यह है कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध अब एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बन चुके हैं। अगले कुछ वर्षों में यह द्विपक्षीय रक्षा सहयोग 10 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, इस बार इजरायल अपनी सबसे गोपनीय और अत्याधुनिक रक्षा तकनीकें भारत के साथ साझा करने पर



सहमत हो गया है। इसमें हाई-टेक लेजर डिफेंस सिस्टम और स्टैंड-ऑफ मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। यह पहली बार है जब इजरायल इन तकनीकों को किसी अन्य देश के साथ साझा करने की दिशा में इतना बड़ा कदम उठा रहा है। इस विस्तारित सहयोग की नींव पिछले साल नवंबर में रक्षा सचिव आरके सिंह की यात्रा के दौरान रखी गई थी।

### कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी चर्चा संभव

रक्षा के अतिरिक्त, इस यात्रा के दौरान अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी चर्चा होगी। जैसे कि भविष्य की तकनीक में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सहयोग के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग, कृषि और जल प्रबंधन के क्षेत्र में इजरायल की बूंद-बूंद सिंचाई तकनीक और खारे पानी को पीने योग्य बनाने की तकनीक पर नए समझौतों की उम्मीद पर चर्चा होगी। दोनों देशों के वैज्ञानिकों के बीच संयुक्त शोध को बढ़ावा देना भी उनमें शामिल है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा केवल दो देशों के प्रमुखों की मुलाकात नहीं है, बल्कि यह एक भरोसेमंद साथी की ओर बढ़ाया गया कदम है। लेजर हथियारों से लेकर लंबी दूरी की मारक क्षमता तक, भारत और इजरायल का यह गठबंधन एशिया में शक्ति संतुलन को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है।

### इजरायली हथियारों का प्रयोग रहा है सफल

हाल के ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने इजरायली हथियारों जैसे रैम्पेज मिसाइल, पाम 400 और हारपी जैसे कामिकेज ड्रोन का सफल प्रयोग कर पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों और उनके एयर डिफेंस को नेस्तनाबूद कर दिया था। इसी सफलता को आधार बनाते हुए भारत अब कई प्रणालियों की खरीद और विस्तार पर ध्यान दे रहा है। उनमें, लंबी दूरी के गाइडेड बम स्पाइस 1000, हवा से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल एयर लोरा , लंबी दूरी की अत्याधुनिक मिसाइल प्रणाली आइस ब्रेकर के साथ-साथ भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को हवाई हमलों से बचाने के लिए विस्तारित दूरी वाली मिसाइलें बराक ईआर शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच गहरे रिश्ते हैं।

## 50 हजार रुपये रिश्वत लेते आईसीडीएस डीपीओ गिरफ्तार, बैग से 6.50 लाख नगद बरामद

राकेश कुमार

**पटना/किशनगंज।** विशेष निगरानी इकाई की टीम ने किशनगंज की आईसीडीएस जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) अनिता कुमारी-2 को 50 हजार रुपये रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में 19 फरवरी 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 (यथा संशोधित 2018) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के बाद लव कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी डीपीओ को रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया। प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि शिकायतकर्ता सीडीपीओ नागेंद्र कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के तहत गठित प्रपत्र "क" में डीपीओ अनिता कुमारी-2 गवाह थीं। आरोप है कि उन्होंने गवाही में शिकायतकर्ता के पक्ष में बचाव करने तथा अतिरिक्त अंचलों का प्रभार दिलाने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। छापेमारी के दौरान आरोपित के बैग से 6 लाख 50 हजार रुपये नगद भी बरामद किए गए। बरामद राशि के संबंध में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। पूछताछ के उपरांत



आगे की कानूनी कार्रवाई और विस्तृत अनुसंधान जारी है। विशेष निगरानी इकाई ने आम नागरिकों से अपील की है कि रिश्वत मांगने से संबंधित किसी भी शिकायत की सूचना कार्यालय अवधि में उनके दूरभाष और मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है।

## नेपाल के गौर में सामुदायिक झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू, सेना तैनात; सीमावर्ती क्षेत्र में तनाव

विक्की विजेंदर

**घोड़ासाहन।** घोड़ासाहन से सटे नेपाल के गौर में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण हो गई है। हालात बिगड़ने पर जिला प्रशासन कार्यालय ने गौर नगरपालिका के निर्धारित क्षेत्रों में निषेधाज्ञा (कर्फ्यू) लागू कर दी है। प्रमुख जिला अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आदेश के अनुसार फाल्गुन 9 गते से अगले आदेश तक निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निषेधाज्ञा अवधि के दौरान तय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आवाजाही, भीड़, सभा, जुलूस और प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश स्थानीय प्रशासन अधिनियम, 2028 की धारा 69(क) के अंतर्गत जारी किया गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आदेश



का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निषेधाज्ञा का दायरा पूर्व में मुडबलवा गेट, पश्चिम में लालबकैया बांध, उत्तर में चम नहर तथा दक्षिण में गौर भंसार कार्यालय तक निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। रौतहत उद्योग वाणिज्य संघ के प्रतिनिधि प्रवीण टिवडेवाल ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए गौर क्षेत्र के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को एहतियातन बंद रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का अनुरोध किया गया है। झड़पों के कारण गौर से संचालित लघु और दीर्घ दूरी की समस्त परिवहन सेवाएं पूर्णतः ठप हो गई हैं। इसका असर दैनिक यात्रियों के साथ-साथ जनकपुर में लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों पर भी पड़ा है। परीक्षा की तिथि निकट होने के कारण वाहन सेवाएं बंद रहने से छात्र असमंजस की स्थिति में हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करते हुए सेना की तैनाती कर दी है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों की निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि हालात पर शीघ्र नियंत्रण स्थापित कर शांति बहाल की जा सके। सीमावर्ती इलाकों में ऐसी घटनाएं केवल स्थानीय तनाव नहीं पैदा करतीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी व्यापक असर डालती हैं। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता शांति बहाली और जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभय शर्मा को जन सुराज पार्टी का जिला महामंत्री बनाया गया, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**बीएनएम @ मोतिहारी।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती ने जिला एकल पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए नई सूची जारी की है। जारी सूची में अभय शर्मा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। वरीय नेता सुभाष सिंह कुशवाहा, संजय कुमार सिंह, हरसिद्धि विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश राम, मिनहाज अहमद, कुसुम देवी, चंदेश्वर प्रसाद, रामबिलास सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अभय शर्मा को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। तुरकौलिया प्रखंड के बैरिया बाजार निवासी तथा शंकरसरैया उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया अभय शर्मा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए दायित्व को वे गंभीरता से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

### सूखे नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 23 पुड़िया गांजा व 120 'गोगो' बरामद; दो गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** सूखे नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लखौरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने 23 पुड़िया गांजा (कुल 120 ग्राम) तथा 120 पीस 'गोगो' बरामद किया। मौके से सूर्य नारायण शाह (पिता–स्व. रूपलाल साह) एवं भोला कुमार (पिता–ध्रुव प्रसाद), दोनों निवासी पश्चिमी बड़वा, थाना लखौरा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कांड दर्ज कर अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में सूखे नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आर्म्स एक्ट कांड में दो अभियुक्तों को सश्रम कारावास की सजा

**बीएनएम @ मोतिहारी।** आर्म्स एक्ट के एक चर्चित मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय श्वेता सिंह, एसीजेएम-06, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी ने पिपरा थाना कांड संख्या 76/2006, धारा 25(1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट (ट्रायल संख्या 857/26) में सुनवाई पूरी करते हुए नामजद अभियुक्त नंदलाल साह (पिता–स्व. पुनीत साह) एवं अदालत राय (पिता–स्व. शिवधारी राय), दोनों निवासी भेरखिया, थाना पिपरा, जिला पूर्वी चंपारण को दोषी पाया। न्यायालय ने धारा 25(1-b)a आर्म्स एक्ट के तहत प्रत्येक अभियुक्त को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त धारा 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा जुर्माना नहीं देने पर तीन माह का साधारण कारावास की सजा भी निर्धारित की गई। उक्त कांड के वादी तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रिय रंजन तथा अनुसंधानकर्ता कृष्ण कुमार मांझी थे। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजीव कुमार वर्मा ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय के इस निर्णय को अवैध हथियार रखने के मामलों में सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# आपदा तैयारी एवं वन नेटवर्क लोकल चैप्टर सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बीएनएम @ मोतिहारी**




सेल्स फोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत द्वारा सदर प्रखंड के बरदाहा पंचायत भवन में सामुदायिक आपदा तैयारी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय, बच्चों एवं युवाओं को आपदा के प्रति सजग बनाना तथा स्थानीय स्तर पर नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना था।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आपदा पूर्व तैयारी, एंटीसिपेटरी एक्शन, सामुदायिक सहभागिता तथा स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित बच्चों और युवाओं को अपने क्षेत्र की जोखिम पहचान, सुरक्षा उपाय तथा सामुदायिक सहयोग तंत्र विकसित करने के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस अवसर पर वन नेटवर्क लोकल चैप्टर के गठन एवं सुदृढ़ीकरण विषय को विशेष रूप से जोड़ा गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि स्थानीय चैप्टर के माध्यम से बच्चे और युवा आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा सामुदायिक नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही उन्हें नेतृत्व कौशल, संवाद क्षमता, टीमवर्क तथा सामुदायिक निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रज़ा एवं सत्य प्रकाश ने किया।अंत में उपस्थित लोगों ने सुरक्षित, जागरूक एवं आपदा-सक्षम समुदाय के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया तथा स्थानीय कार्ययोजना तैयार की। इस कार्यक्रम में ऐश्वर्या कुमारी, चांदनी कुमारी, कोमल कुमारी, नंदनी कुमारी, खुशबू कुमारी, श्वेता कुमारी, अंजली कुमारी, रितिका कुमारी, निशा कुमारी, नेहा कुमारी, अनुपम कुमारी, गोल्डी कुमारी, अंजित कुमार, सोनू कुमार, पवन कुमार, पिंटू कुमार, प्रिंस कुमार, राजा कुमार सहित अन्य बच्चे एवं युवा मौजूद रहे।

## परसा काली मंदिर के पास छापेमारी, देशी कट्टा व चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**बीएनएम @ मोतिहारी**

कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को देशी कट्टा एवं चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार परसा काली मंदिर के समीप थाना पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने विधिवत छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान बिरंजन कुमार (पिता–ध्रुप राय), निवासी मोहदीपुर, थाना चिरैया, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में संबंधित धाराओं में कांड दर्ज कर अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में 55वां सद्गुरु महायज्ञ 9 से 29 मार्च तक

**बीएनएम @ मोतिहारी**



ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में 55वां सद्गुरु महायज्ञ, 21 दिवसीय श्री राम नाम महा संकीर्तन एवं संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन आगामी 9 मार्च से 29 मार्च तक किया जाएगा। आश्रम के सचिव डॉक्टर जय गोविंद प्रसाद ने जानकारी दी कि महायज्ञ की तैयारियों को लेकर शनिवार को शहर के देवराहा बाबा सरकार एवं राम दरबार में यज्ञ के हैंड पंपलेट और चंदा रसीद का लोकार्पण किया गया। भगवान के सम्मुख पंपलेट अर्पित कर यज्ञ के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन हेतु प्रार्थना की गई। वहीं आश्रम के -सह- सचिव एवं यज्ञ संयोजक राम भजन ने बताया कि इस वर्ष महायज्ञ का आयोजन विश्व के समस्त जीवों के कल्याण, प्राकृतिक आपदाओं के निवारण तथा भक्तों के मंगल हेतु किया जा रहा है। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया कि 55वें सद्गुरु महायज्ञ में इस वर्ष पहली बार 21 यजमानों द्वारा 21 दिवसीय श्री राम नाम महा संकीर्तन आयोजित किया जा रहा है। साथ ही वृंदावन से पधार रहे आचार्य देवव्रत जी महाराज 19 मार्च से 27 मार्च तक भक्तिमय श्री राम कथा का रसपान कराकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। महायज्ञ के सफल संचालन हेतु विभिन्न कार्यों के लिए समितियों का गठन किया गया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार, रंजन कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, अजय कुमार, विनीता कुमारी, नेहाल कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नरौनी विद्यालय में 'पर्यावरण की पाठशाला' आयोजित, अतिथियों ने किया पौधारोपण

» लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास है – विनय कुमार

**बीएनएम @ मोतिहारी**



मोतिहारी वन प्रमंडल के सहयोग से चकिया प्रखंड अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, नरौनी में "पर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने कहा कि लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास है। उन्होंने कहा कि जब जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्या का प्रभाव नहीं था, तब हमारे पूर्वज प्रकृति के साथ गहरे संबंध में जीते थे। वे पेड़, धरती, नदी और पहाड़ की पूजा करते थे तथा प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करते थे। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम प्रकृति की पूजा तो करते हैं, लेकिन न स्वच्छ नदी बचा पाए, न हरे-भरे पहाड़, न शुद्ध हवा और न ही संतुलित वातावरण। मानव के बढ़ते लालच और अंधाधुंध दोहन ने प्रकृति का संतुलन बिगाड़ दिया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए आगे आएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विधु बाला ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरण और जीव-जंतुओं के बीच संतुलन बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलें, तो जीवन सुखमय और समृद्ध बन सकता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए। पौधों की देखरेख करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुनील कुमार, संतोष कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार बैठा सहित विद्यालय के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नगर निगम की मासिक बोर्ड बैठक संपन्न

## जानपुल चौक का नामकरण "कर्पूरी चौक" करने सहित 46 वार्डों की विकास योजनाएं सर्वसम्मति से पारितः महापौर

**बीएनएम @ मोतिहारी**



नगर निगम के सभागार में सोमवार की दोपहर महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में बोर्ड की मासिक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक का संचालन नगर आयुक्त आशीष कुमार द्वारा किया गया। बैठक में पार्षदों द्वारा शहर के जानपुल चौक का नामकरण कर्पूरी ठाकुर के सम्मान में "कर्पूरी चौक" करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, निगम के उत्क्रमित क्षेत्र में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली, एलईडी लाइट की गुणवत्ता तथा पार्षदों को लैपटॉप उपलब्ध कराने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विद्युत विभाग के कार्यों पर चर्चा हुई। पार्षदों ने वार्डों में बिजली खंभा लगाने की प्रक्रिया में स्पष्टता लाने की आवश्यकता बताई। बाजार समिति पथ में सड़क के बीच स्थित बिजली खंभों को हटाने तथा बेलबनवा मोहल्ला की सड़कों से अवरोधक खंभों को स्थानांतरित करने की मांग रखी गई, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए और आवागमन सुगम हो सके। उत्क्रमित क्षेत्र में होल्डिंग जारी करने के शुल्क पर पुनर्विचार करने का प्रस्ताव भी रखा गया। बलुआ चौक पर ओवरब्रिज के नीचे उत्पन्न जल निकासी समस्या की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। साथ ही एक वार्ड में एलईडी लाइट लगाने के कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा कराने की मांग भी की गई। चर्चा के उपरांत निगम के 46 वार्डों में प्रस्तावित विकास योजनाओं पर विचार किया गया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महापौर प्रीति कुमारी ने जानकारी दी कि जानपुल चौक के निवासियों द्वारा चौक का नाम "कर्पूरी चौक" करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव को सदन में प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही चौक के सौंदर्यीकरण तथा वहां जननायक कर्पूरी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने पर भी सहमति बनी। नगर आयुक्त ने बताया कि अब निगम द्वारा केवल उन्हीं व्यवसायियों को ट्रेड लाइसेंस जारी किया जाएगा, जिनके प्रतिष्ठान सीसीटीवी से आच्छादित होंगे। बैठक के समापन पर पार्षदों ने महापौर, उपमहापौर एवं नगर आयुक्त को विकासोन्मुख निर्णयों के लिए बधाई दी।

## पारा साइक्लिंग के नेशनल चैंपियनशिप में जिले के प्रवीण ने तीन मेडल किया अपने नाम

» हैदराबाद में आयोजित हुए पारा साइक्लिंग के ट्रैक इवेंट में तीन इवेंट में खेलते हुए दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता, जिले के हरसिद्धि का निवासी है प्रवीण

» बिहार से बाहर रहकर प्राप्त किया प्रशिक्षण, निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत से तीन मेडल जीतकर जिले को किया गौरवान्वित

**बीएनएम @ मोतिहारी**



पारा साइक्लिंग के नेशनल चैंपियनशिप में दो सिल्वर सहित तीन मेडल जीतकर जिले के साइक्लिस्ट प्रवीण कुमार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। तेलांगना के हैदराबाद में (18-20 फरवरी) साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, तेलांगना साइक्लिंग एसोसिएशन व पारालिंपिक कमिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल पारा रोड और ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक साइक्लिंग के तीन इवेंट में एक किलोमीटर टाइम ट्रायल में सिल्वर व 200 मीटर स्प्रिंट इवेंट में सिल्वर के अलावा चार किलोमीटर इंडिविजुअल परसूट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिला व राज्य का सम्मान बढ़ाया है। पूर्वी चम्पारण के हरसिद्धि निवासी प्रवीण कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत से नेशनल चैंपियनशिप में तीन मेडल जीता है. उसने रोड साइक्लिंग में भी खेला लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल सकी। जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि प्रवीण की सफलता से जिला गौरवान्वित हुआ है। वह एक अनुशासनप्रिय खिलाड़ी है। उसने अपना प्रशिक्षण बिहार से बाहर रहकर किया जिसके बदौलत आज बड़ी सफलता हासिल की है। प्रवीण ने पिछलें वर्ष भी नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीता है। जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने खिलाड़ी को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन के साथ निरंतर कड़ी मेहनत ही बड़ी सफलता का राह बनाता है।

## कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' का शुभारंभ, जिला इकाइयों के सशक्तीकरण पर जोर

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिला कांग्रेस कार्यालय, गांधी आश्रम बंजरिया पंडाल में शनिवार को "संगठन सृजन अभियान" का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुजरात कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हिम्मत सिंह पटेल ने जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में की। अभियान का उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों को अधिक सशक्त, प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। इसके तहत डीसीसी अध्यक्षों के चयन, नियुक्ति और सशक्तीकरण की प्रक्रिया को नए स्वरूप में लागू किया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि यह पहल प्रतीकात्मक नेतृत्व से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर सक्रिय और प्रतिबद्ध नेतृत्व स्थापित करने की दिशा में कदम है। कार्यक्रम में कहा गया कि पर्यवेक्षकों को पार्टी कार्यकर्ताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों तथा सिविल सोसाइटी के सदस्यों से व्यापक परामर्श कर योग्य नेतृत्व का चयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसे केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि वैचारिक अभियान बताया गया, जो भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भावना को संगठनात्मक रूप देने का प्रयास है। अभियान के अंतर्गत ब्लॉक, मंडल एवं ग्राम स्तर की कांग्रेस समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। निर्धारित समय सीमा में पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे, ताकि क्रियान्वयन त्वरित और व्यवस्थित हो सके। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मिथिलेश निषाद एवं ममता निषाद की विशेष उपस्थिति रही।

## मोतिहारी बार एसोसिएशन की अहम बैठक, राष्ट्रीय लोक अदालत व मध्यस्थता कार्यक्रम को लेकर रणनीति तय

**बीएनएम @ मोतिहारी**



मोतिहारी बार एसोसिएशन के कैफी हॉल में शनिवार को अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं "राष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 2.0" को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार करना और अधिवक्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने की, जबकि संचालन जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। एडीजे-1 सुरेंद्र प्रसाद, एडीजे मुकुंद कुमार, अनन्य न्यायालय उत्पाद के न्यायाधीश-3 ब्रजेश कुमार, एसीजेएम-8 राहुल कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शेषनाथ कुंवर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता हरेश्वर प्रसाद सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता कार्यक्रम न्यायिक व्यवस्था का प्रभावी विकल्प हैं, जिनके माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपने-अपने वादकारियों को इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की, ताकि न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम हो और पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने ई-फाइलिंग प्रणाली को न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता लाने वाला कदम बताया तथा स्पष्ट किया कि इससे अधिवक्ता संघ की आय या पारंपरिक कार्यप्रणाली पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्होंने सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दे भी उठे। महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी ने न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं और प्रशासनिक समस्याओं को सामने रखा। वहीं, संघ अध्यक्ष शेषनाथ कुंवर ने नकल प्राप्ति में हो रही देरी की समस्या उठाई, जिस पर शीघ्र समाधान का भरोसा दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकाधिक मामलों को लोक अदालत व मध्यस्थता में भेजने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, परिजनों में चीख-पुकार

**बीएनएम @ अरेराज।** गोविंदगंज थाना क्षेत्र स्थित मननपुर गांव में आज एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे चल रहे एक बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के गांव मननपुर में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान मननपुर वार्ड नंबर 04 निवासी 62 वर्षीय विरेंद्र सहनी के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय झकड़ सहनी के पुत्र थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विरेंद्र सहनी मननपुर स्थित मुख्य सड़क पर दिलीप प्रसाद के घर के समीप से गुजर रहे थे, तभी अचानक सामने से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगंज थाना अध्यक्ष राजू मिश्रा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और उसे कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषी वाहन चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि फिलहाल घटनास्थल और आसपास के इलाकों में शांति व्यवस्था बनी हुई है और किसी भी तरह की तनावपूर्ण स्थिति नहीं है। इस आकस्मिक घटना ने विरेंद्र सहनी के परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। वह अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियों समेत पूरा भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घर के मुखिया की अचानक मौत से परिजनों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विरेंद्र सहनी एक मिलनसार व्यक्ति थे और उनकी इस तरह असमय मृत्यु से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### विद्यालय परिसर में छेड़छाड़ की शिकायत पर अभया ब्रिगेड की सख्त कार्रवाई, तीन हिरासत में

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को सूचना मिली कि राजकीय मध्य विद्यालय बाकरपुर में तीन मनचले लड़कों द्वारा छात्राओं को परेशान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही अभया ब्रिगेड टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय परिसर में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम ने मौके से तीनों विधि निरुद्ध बालकों को पकड़ लिया। इसके बाद सभी को कल्याणपुर थाना लाया गया, जहां प्रत्येक से एक-एक लाख रुपये का बंध पत्र भरवाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ या किसी भी प्रकार की अभद्रता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

### पिपरा में बाइक चोरी का खुलासा, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद; एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पिपरा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चिंतामनपुर गांव स्थित एक घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। मौके से नीरज कुमार (पिता–शिव प्रसाद कुशवाहा), निवासी चिंतामनपुर, थाना पिपरा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। बरामद मोटरसाइकिल की एचएचडी मशीन से जांच करने पर पता चला कि वाहन के संबंध में छतौनी थाना कांड संख्या 588/25 दर्ज है। पुलिस ने संबंधित थाना को सूचना देते हुए आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में वाहन चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 50 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** सूखे नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चकिया थाना क्षेत्र में पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बांसघाट बाजार स्थित एक दुकान में छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान से गांजा की 13 पुड़िया, जिसकी कुल मात्रा लगभग 50 ग्राम बताई गई है, बरामद की गई। इसके अतिरिक्त चार चिलम और एक कटर भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से अर्जुन साह (पिता–मंगल साह), निवासी बांसघाट कोण्हीया, थाना चकिया, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है। इस संबंध में चकिया थाना में मामला दर्ज कर अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में सूखे नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की।

### एआई समिट विवाद, पटना में राहुल गांधी का पुतला फूंका

**बीएनएम @पटना।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'AI समिट' के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पटना में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय से जुलूस की शक्ल में निकले और पैदल मार्च करते हुए इनकम टैक्स गोलंबर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि, भारत मंडपम जैसे प्रतिष्ठित स्थल पर, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि मौजूद थे, वहां यूथ कांग्रेस द्वारा टी-शर्ट खोलकर किया गया प्रदर्शन अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की यह हरकत राष्ट्रीय सम्मान के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इस प्रकार का व्यवधान डालना देश को वैश्विक मंच पर शर्मसार करने जैसा है। इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। संजय गुप्ता ने आरोप लगाया कि, 'राहुल गांधी के इशारे पर ही कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता देश की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने राहुल गांधी से इस घटना पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

### पटना के खेतान मार्केट से कारोबारी लापता, रुपए का तगादा करने गया था बाजार

**बीएनएम @पटना।** पटना के पीरबहोर इलाके में खेतान मार्केट के पास से एक 28 वर्षीय कारोबारी आदित्य लापता हो गया है। इस संबंध में उसके पिता संजय कुमार ने पिरबहोर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के मुताबिक, उनका बेटा आदित्य कुमार गुरुवार शाम करीब 5 बजे खेतान सुपर मार्केट स्थित अपनी दुकान से रुपए का तगादा करने निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की शाम 7:00 बजे जब आदित्य के मोबाइल पर कॉल करने पर फोन बंद मिला। पिता के मुताबिक, शाम करीब 6:30 बजे राजधानी मार्केट के एक दुकानदार से बात हुई थी, जिसने बताया कि आदित्य वहां से निकल चुका है। इसके बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया। मिसिंग का केस दर्ज, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस पिरबहोर के थानेदार सज्जाद गद्दी ने बताया कि, आवेदन के आधार पर मिसिंग का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल युवक को ट्रेस किया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। टेक्निकल इनपुट की मदद से खोजबीन की जा रही है। करोबारी की फैमिली कदमकुआं नवल किशोर रोड में रहती है। खेतान सुपर मार्केट की चौथी फ्लोर पर जय शीला क्रिएशन नाम से उनकी दुकान है। इसी दुकान से शाम के वक्त आदित्य पास के राजधानी मार्केट में गया था। खबर लिखे जाने तक आदित्य के बारे में कोई ठोस जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई थी।

# बीएनएम इम्पैक्टः एक्सपायर दवाओं पर बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे में रिपोर्ट तलब

बीएनएम @ पताही @ श्रीनिवास कुमार

पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लाखों रुपये की एक्सपायर दवाओं के मिलने की खबर जैसे ही बीएनएम में प्रमुखता से प्रकाशित हुई, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आवास से भारी मात्रा में अवधि समाप्त हो चुकी दवाएं बरामद होने के खुलासे ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोतिहारी के सिविल सर्जन दिलीप कुमार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए चार सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी और 24 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया। गठित टीम में सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. सफी इमाम, ड्रग इंस्पेक्टर रईस आलम तथा जिला स्वास्थ्य समिति के जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी शामिल थे। जांच टीम ने पताही सीएचसी पहुंचकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आवास परिसर का गहन निरीक्षण किया। एक कमरे में अव्यवस्थित ढंग से रखी दवाओं की निर्माण तिथि और एक्सपायरी तिथि का मिलान किया गया। जांच में पाया गया कि अधिकांश दवाएं पूरी तरह एक्सपायर हो चुकी थीं। सरकारी खजाने से खरीदी गई लाखों रुपये की दवाओं का यूं ही बेकार हो जाना स्वास्थ्य तंत्र की निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है। गौरतलब है कि बीएनएम ने सबसे पहले इस लापरवाही को उजागर किया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि जहां एक ओर मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, वहीं दूसरी ओर दवाएं बिना उपयोग के पड़ी-पड़ी एक्सपायर हो जाती हैं। खबर प्रकाशित होते ही विभाग सक्रिय हुआ और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई। टीम ने दवाओं के सत्यापन के साथ संबंधित अभिलेखों की भी जांच की और साक्ष्य संकलित किए। सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया है कि रिपोर्ट मिलते ही दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने मीडिया की सक्रियता की सराहना करते हुए पारदर्शी जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। अब सबकी निगाहें 24 घंटे में आने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो तय करेगी कि इस गंभीर लापरवाही के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है।






## जनता दरबार में जमीन विवाद के मामलों की भरमार, कई का ऑन-द-स्पॉट निपटारा



बीएनएम @ तुरकौलिया

प्रखंड परिसर स्थित सभागार भवन में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में दर्जनों फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकतर मामले जमीन से जुड़े विवादों के रहे, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की। रघुनाथपुर निवासी उपेंद्र कुमार पांडेय ने अपने भाई सुरेंद्र दत्त पांडेय के साथ चल रहे जमीनी विवाद को लेकर आवेदन दिया। मामले के निष्पादन के लिए संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर अगले शनिवार जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। मजूराहा निवासी रमेश ठाकुर और मोहन ठाकुर के बीच चल रहे भूमि विवाद का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं, तुरकौलिया के शर्मा टोला निवासी कृष्णा देवी ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है। इस मामले में भी संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर अगली तिथि पर बुलाया गया है। जनता दरबार में सीओ संतोष कुमार, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष अलका कुमारी, तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी, अंचल कर्मी विकास कुमार, सौरभ कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जमीन संबंधी मामलों का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाएगा।

## लक्ष्य पूरा करें, फिर होगी ग्रेड पे पर बात

बीएनएम @ पटना



बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भूमि राजस्व विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल और उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे बढ़ाने को लेकर सरकार का रुख साफ कर दिया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के साथ कल शाम बैठक हुई, जिसमें मांगों पर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग को 31 मार्च तक जो लक्ष्य दिया गया है, उसे पहले पूरा किया जाए। विशेष रूप से 'परिमार्जन' (दाखिल-खारिज और भूमि अभिलेख सुधार) के लंबित मामलों को समय पर निपटाने पर जोर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करते हैं, तो सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। विजय सिन्हा ने कहा कि जो अंचलाधिकारी बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें नियमानुसार डीसीएलआर (DCLR) पद पर पदोन्नति दी जाएगी। सभी डीसीएलआर के साथ बैठक कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया है। डीसीएलआर कोर्ट में आवश्यक सभी सुविधाएं सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। भूमि से जुड़े फर्जी प्रमाणपत्र और दस्तावेजों के मामलों में सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सुपौल सदर के सीओ प्रिंस राज को बर्खास्त कर दिया गया है, जिस पर कैबिनेट की भी मुहर लग चुकी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि फर्जी दस्तावेजों से संबंधित शिकायतों की तेजी से जांच की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। भूमि राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को तय समय सीमा के भीतर समाप्त करें और फाइलें अपने पास लंबित न रखें। उन्होंने बताया कि सभी डीसीएलआर कोर्ट को आधारभूत सुविधाओं के लिए 50-50 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि न्यायिक कार्य में कोई बाधा न आए। भूमि राजस्व विभाग ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पटना में इसके लिए एक कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम तैयार किया गया है, जहां से सभी सीओ कार्यालयों की निगरानी की जाएगी।

## हत्या के प्रयास व शराब सेवन के मामलों में पहाड़पुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई,तीन गिरफ्तार

बीएनएम @ पहाड़पुर



थाना क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में की गई सघन छापेमारी के दौरान हत्या के प्रयास, मारपीट एवं शराब सेवन से जुड़े विभिन्न मामलों में कई आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, कांड संख्या 03/25 में दर्ज मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वहीं धारा 307 (हत्या के प्रयास) से संबंधित एक अन्य मामले में भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में आरोपितों की तलाश लंबे समय से की जा रही थी और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में शराब पीने के आरोप में भी तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में अनुज कुमार, दिनेश महतो एवं समल महतो, सभी ग्राम–जगदीशपुर, थाना– जगदीशपुर, जिला–पश्चिमी चंपारण के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि इन सभी की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया। इसके अतिरिक्त प्रकाश कुमार, ग्राम–सरिया वरवा टोला, थाना–पहाड़पुर को कांड संख्या 452/25, धारा 109 के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, उक्त अभियुक्त की संलिप्तता मामले में सामने आने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सूरत में कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा है तथा आमजन ने क्षेत्र में बढ़ती पुलिस सक्रियता पर संतोष व्यक्त किया है।

## 716 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



बीएनएम @ अरेराज

अनुमंडल क्षेत्र के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार के नेतृत्व में की गई इस विशेष कार्रवाई में पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गांजा की खेप के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वृता मठिया निवासी अनवत गिरी के पुत्र भरत गिरी के रूप में हुई है। दरअसल, पुलिस को इलाके में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान भरत गिरी को 716 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। इस गिरफ्तारी से स्थानीय तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## बाढ़ में तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, नहीं बची जान

बीएनएम @ पटना

पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में इंटर के छात्र की मौत हो गई। यह घटना सविता सिनेमा हॉल के पास एनएच-31 पर हुई। मृतक की पहचान मलाही गांव का निवासी आनंद कुमार के तौर पर हुई है। वह शादी समारोह से बाइक के जरिए घर लौट रहा था।



**सड़क किनारे गिरी हुई थी और युवक बेहोश पड़ा थाः** सौरव कुमार ने बताया कि, हादसा रात करीब दो बजे हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि बाइक सड़क किनारे गिरी हुई थी और युवक बेहोश पड़ा था। इसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, आनंद लगभग रात 11:30 बजे घर से बारात के लिए निकला था। घटना के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। दूसरा अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात गाड़ी ने उसे टक्कर मारी होगी, जिसके बाद वह पोल से टकराया और उसकी मौत हो गई हो। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एचडीएफसी बैंक की 'परिवर्तन' परियोजना के तहत जिहुली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ

बीएनएम @ पताही



पताही प्रखंड की जिहुली पंचायत स्थित महारानी स्थान पर एचडीएफसी बैंक की समग्र ग्रामीण विकास परियोजना 'परिवर्तन' के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्लान इंडिया के सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई और मुफ्त दवाएं प्राप्त कीं। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार, सर्दी-खांसी सहित सामान्य रोगों की जांच की गई। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि समय रहते रोगों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। आयोजकों ने बताया कि 'परिवर्तन' परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसी क्रम में समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीणों को उनके गांव में ही बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। ग्रामीणों ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव में ही जांच और दवा की सुविधा मिलने से उन्हें शहर जाने की परेशानी से राहत मिलती है। शिविर को सफल बनाने में अवनीश कुमार, विजय कुमार, आकांक्षा, संदीप कुमार, प्रमोद कुमार, युधिष्ठिर कुमार और मुस्कान कुमारी का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

# फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी विवाद

**यह समझ समस्याग्रस्त है कि सेना में अपनी पूरी कामकाजी जिंदगी गुजारने वाले व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की परवाह नहीं करते अथवा सत्तासीन लोग विपक्षी दलों या नेताओं की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा के अधिक बड़े पहरुआ हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एम.एम. नरावणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर उठे विवाद के बाद अब खबर है कि केंद्र पूर्व सैन्यकर्मियों की किताब के प्रकाशन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार कर रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इस बारे में रक्षा मंत्रालय में हाल में बैठक हुई, जिसमें ऐसे मामलों में सरकारी गोपनीयता कानून के प्रावधानों को भी लागू करने पर विचार हुआ। अभी जो कायदा है, उसमें इस अधिनियम के प्रावधान शामिल नहीं हैं। दरअसल, कार्यरत सैन्यकर्मियों के मामलों में तो विभिन्न वैधानिक एवं सेवा संबंधी शर्तें लागू होती हैं, लेकिन रिटायर्ड कर्मियों की किताबों का प्रकाशन को रोकने का कानून तो दूर, सेवा संबंधी नियम भी तय नहीं हैं। तो नरेंद्र मोदी सरकार के अंदर ये समझ बनी है कि इस कमी को दूर किया जाना चाहिए, ताकि इस तरह के प्रकाशनों से राष्ट्रीय सुरक्षा की अनदेखी ना हो, और ना ही गोपनीय समझी जाने वाली सूचनाएं सार्वजनिक हो पाएं। सरकारी सूत्रों का दावा है कि रिटायर्ड सैन्य कर्मी भले सेना कानून या सेना के नियमों से बंधे हुए ना हों, मगर गोपनीयता संबंधी नियम उन पर भी लागू होते हैं। मगर मुद्दा यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा एवं उसके संदर्भ में गोपनीय सूचनाओं की परिभाषा क्या है तथा उसे कौन तय करेगा? क्या इस मामले में सरकार राष्ट्रीय बहस कराएगी, जिसमें विपक्षी विचारों को भी व्यक्त होने का पूरा अवसर मिले? क्या नए कायदे राजनीतिक आम सहमति से तय होंगे या सत्ता पक्ष खुद को राष्ट्रीय सुरक्षा का एकमात्र प्राधिकारी मानते हुए नियम तय कर देगा? यह समझ समस्याग्रस्त है कि सेना में अपनी पूरी कामकाजी जिंदगी गुजारने वाले व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की परवाह नहीं करते अथवा सत्तासीन लोग विपक्षी दलों या नेताओं की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा के अधिक बड़े पहरुआ हैं। विपरीत नजरिया यह है कि अधिकतम संभव पारदर्शिता किसी सिस्टम के अंदर मौजूद कमियों दूर करने में अधिक सहायक होती है। किसी किताब से ऐसा प्रकरण या आम चलन सार्वजनिक होता है, जिससे नुकसान हुआ हो, तो उसे सामने आने दिया जाना चाहिए। असल में उस पर पर्देदारी से राष्ट्रीय सुरक्षा कहीं अधिक क्षतिग्रस्त होगी।**

# एआई का नया युग और भारत की मानव केंद्रित दृष्टि



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नई तकनीकी क्रांति के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक निवेश और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाला परिवर्तनकारी उपकरण बन चुका है। देश की राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित "इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026" ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया कि भारत इस परिवर्तन के केंद्र में स्वयं को स्थापित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह आयोजन "भव्य रूप से सफल" रहा और देश को एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह आंकड़ा आज सिर्फ आर्थिक भरोसे का संकेत नहीं है, यह तो वैश्विक मंच पर भारत की नीति-दृष्टि की स्वीकृति को रेखांकित करता है।

**मानव-केंद्रित एआई : भारत की विशिष्ट पहचान-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत "मानव एआई" की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है।

**निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूप-** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं। यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं।

**रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति-** समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया। ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडलः रणनीतिक आत्मनिर्भरता-** भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। "सॉवरेन बुके" मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके। एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए "पैक्स सिलिका" समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**एआई का व्यावहारिक उपयोगः भारत की बढ़त-** अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत




वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं। साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है।

**युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभ-** 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

**वैश्विक सहयोगः ग्लोबल साउथ की आवाज-** कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है।

**स्वास्थ्य और नियमनः जिम्मेदार विस्तार की आवश्यकता-** डब्ल्यूएचओ की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल सौम्या स्वामीनाथन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इमेज रिकग्निशन और पैटर्न एनालिसिस के माध्यम से एक्स-रे और पैथोलॉजी स्लाइड पढ़ने जैसे कार्य विशेषज्ञों की कमी वाले क्षेत्रों में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने एआई उत्पादों के लिए क्लिनिकल ट्रायल, नियामक ढांचा और सुरक्षा मूल्यांकन की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण दर्शाता है कि तकनीकी विस्तार के साथ गवर्नेंस फ्रेमवर्क का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। एआई का लोकतंत्रीकरण तभी सार्थक होगा जब मानक, बेंचमार्क और पारदर्शी नियम लागू किए जाएं।

**विश्वास, निवेश और दृष्टि का संगम-** अतः यहां निष्कर्ष रूप में यही कहना होगा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत एआई युग में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी कर चुका है। 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव, रिकॉर्ड भागीदारी, वैश्विक समर्थन और युवा शक्ति की सक्रिय उपस्थिति इस परिवर्तन की आधारशिला हैं। भारत की मानव-केंद्रित नीति, संतुलित विदेश नीति और विशाल प्रतिभा भंडार ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जिसमें तकनीकी नवाचार सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ सके। एआई का अगला अध्याय केवल एल्गोरिद्म और डेटा तक सीमित नहीं रहेगा; यह विश्वास, सहयोग और समावेशी विकास की कहानी भी लिखेगा। भारत इस कहानी का केंद्रीय पात्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है और सारा का सारा है



डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी

भारतीय संसद का 'कश्मीर संकल्प 22 फरवरी 1994' शुभ है, सत्य है, स्तुत्य है, पर सिद्ध नहीं हो पाया है। यह दुखद है। दो निर्विवाद सत्य हैं - पहला - कश्मीर हमारे राष्ट्र का मुकुटमणि है, दूजा - हमारा यह मुकुटमणि वर्तमान में ग्रहण में है। कश्मीर की वर्तमान स्थिति को लेकर हमारा समूचा भारत राष्ट्र चिंतित रहा है। इस राष्ट्रीय चिंता का ही प्रकटीकरण था 22 फरवरी 1994 को पूर्व प्रधानमंत्री की नरसिंहराव सरकार द्वारा संसद में पारित 'कश्मीर संकल्प'। इस संकल्प में भारत का राजनीतिक पक्ष-विपक्ष, समस्त नागरिकों का मानस सम्मिलित था। यह संकल्प राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चिंता, भावना व विचार से प्रेरित था। संसद में पारित इस प्रस्ताव में यह संकल्प किया गया था कि - "पाकिस्तान के कब्जे वाला POJK जम्मू कश्मीर और भारत का अभिन्न अंग था, है और सदैव रहेगा। पाकिस्तान ने 1947-48 के बाद से ही भारत के इस बड़े भूभाग पर कब्जा कर रखा है। इस प्रस्ताव के जरिये यह संकल्प लिया गया था कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे में लद्दाख और जम्मू कश्मीर की जो हमारी भूमि है उसे हम हर स्थिति में वापस लेंगे। यह संकल्प दिवस POJK, POTL के साथ COTL की मुक्ति का संकल्प दिवस भी है। वस्तुतः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,22,236 वर्ग किमी है। इसमें से POJK यानि पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू कश्मीर का क्षेत्रफल 13,297 वर्ग किमी है। POJK में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के मीरपुर-मुजफ्फराबाद, भीम्बर, कोटली जैसे नगर सम्मिलित हैं, जो कभी हिन्दू बहुल हुआ करते थे। जबकि POTL अर्थात (पाकिस्तान अधिक्रांत क्षेत्र लद्दाख) में गिलगित और बाल्टिस्तान सम्मिलित हैं। यह क्षेत्र खनिज संपदा से लबालब है। POTL का कुल क्षेत्रफल लगभग 64817 वर्ग किमी है। PoJK और POTL मूल रूप से जम्मू कश्मीर का ही एक भाग है, जिसकी सीमाएं पाकिस्तान के पंजाब, उत्तर-पश्चिम, अफगानिस्तान के वखान गलियारे, चीन के शिनजियांग क्षेत्र और लद्दाख के पूर्व क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान (POTL) में 1480 सोने की खदानें हैं, जिनमें से 123 में अयस्क है, जहाँ सोने की मात्रा दक्षिण अफ्रीका की विश्व प्रसिद्ध खदानों से कई गुना अधिक है। चीन अधिक्रांत लद्दाख क्षेत्र अर्थात COTL का संभावित एरिया 37 हजार वर्ग किमी है और इसमें 5,180 किमी शक्सगाम का एरिया पाकिस्तान ने 1963 में Sino-Pak एग्रीमेंट के तहत दे दिया था। यानि चीन के कब्जे में कुल क्षेत्रफल 42,735 वर्ग किलोमीटर है। COTL में सिर्फ अक्साई चीन नहीं बल्कि ट्रांस काराकोरम ट्रैक्ट और मिंसर भी शामिल है। यहाँ से मुख्यतः कई नदियाँ निकलती हैं। जैसे गलवान नदी, चिपचैप नदी और कार्स जैसी आदि-आदि नदियाँ निकलती हैं। लेकिन इनमें कार्कस नदी सबसे बड़ी नदी है, जो कि उत्तर की ओर जाती है और इसे ब्लैक जेड रिवर कहते हैं। भारत का यह महत्वपूर्ण भाग आज चीन के नियंत्रण में है। वस्तुतः 1947 में देश के विभाजन के कुछ महीनों बाद ही पाकिस्तानी सेना ने 22 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर पर आक्रमण कर दिया था। इस आक्रमण में पाकिस्तानी सैनिकों ने हजारों की संख्या में निर्दोष हिंदूओं (प्रमुखतः सिक्ख समुदाय) का जघन्य नरसंहार किया था और प्राचीन मंदिरों, गुरुद्वारों आदि हिंदू स्थलों का विध्वंस किया था। बाद में इन हिंदुओं के अपमान के उद्देश्य से इन कब्जाए गए धार्मिक स्थलों का अपमानजनक प्रयोग भी किया गया था। इन घटनाओं के बाद बड़ी संख्या में हिंदू बंधु अपने कश्मीर से पलायन को विवश हो गये थे। विगत लगभग आठ दशकों से POJK स्थित हमारे ऐतिहासिक मंदिरों, गुरुद्वारों और बौद्ध मठों को पाकिस्तानी आतताइयों ने चुन-चुन कर विध्वंस करने का काम किया है। PoJK पर पाकिस्तान का 76 वर्षों से अवैध नियंत्रण है। आज समूचे भारत राष्ट्र सहित, PoJK के विस्थापितों की यह मांग है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे में जो हमारा कश्मीर है उसे वापस लिया जाए और PoJK विस्थापितों को उनका अधिकार लौटाया जाए। पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी नरसिम्हा राव का कार्यकाल जम्मू-कश्मीर के लिए अनेक उतार-चढ़ाव वाला था। एक तरफ कश्मीर घाटी से हिन्दुओं का नरसंहार और निष्कासन लगातार जारी था। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में भारत के विरुद्ध आतंकवादियों का प्रशिक्षण भी हो रहा था। उस कालखंड में पाकिस्तान के दो तत्कालीन प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो (वर्ष 1990) एवं नवाज शरीफ (वर्ष 1991-93) ने POJK में सतत आना जाना बढ़ा दिया था। लक्ष्य स्पष्ट था, इन क्षेत्रों में बसे मुट्ठी भर हिंदुओं का भी सफ़ाया। बेनजीर भुट्टो ने 13 मार्च, 1990 में मुज़फ्फराबाद की एक सभा में भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों का सार्वजनिक समर्थन किया। इसके बाद नवाज शरीफ ने भी पीओजेके से 'कश्मीर बनेगा पाकिस्तान' जैसे युद्धक नारे लगाने शुरू कर दिए। संघ परिवार इस विषय से अत्यंत चिंतित हुआ। संघ ने तत्काल ही देश भर में इस विषय में हस्तक्षेप करने का वातावरण बनाया था। केंद्र सरकार पर दबाव भी बनाया था। प्रधानमंत्री नरसिंहराव भी इस संदर्भ में संवेदनशील थे। नरसिंहराव जी के विचार इस संदर्भ में संघ से साम्य रखते थे। स्थिति को देखते हुए ही उन्होंने इस संदर्भ में पहला कदम 22 फरवरी, 1994 को उठाया। उस दिन संसद ने PoJK पर एक संकल्प पारित किया था। संसद में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव के संदर्भ में बलपूर्वक कहा गया कि पाकिस्तान को (अविभाजित) जम्मू-कश्मीर के कब्जे वाले इलाकों को खाली करना होगा जिसपर पाकिस्तान ने अवैध कब्ज़ा कर रखा है। लगभग एक वर्ष पश्चात् केंद्र सरकार ने POJK को लेकर दूसरा कदम उठाया था। वर्ष 1995 में पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू कश्मीर और उत्तरी इलाकों यानि POTL (गिलगित-बल्तिस्तान) पर विदेश मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी ने संसद में एक रिपोर्ट पेश की। भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न दिवंगत श्री अटल बिहारी वाजपेयी इसकी अध्यक्षता कर रहे थे। इस सर्वदलीय कमेटी में लोकसभा और राज्यसभा से 45 सदस्यों को शामिल किया गया था, जिन्होंने दोहराया कि पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। साथ ही इस समिति ने सुझाव दिया कि पीओजेके और गिलगित-बल्तिस्तान में मानवाधिकारों के हनन पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष स्वर उठाए जाने चाहिए। यह दोनों अभूतपूर्व कदम थे। वस्तुतः यह कदम वर्षों पूर्व ही उठा लिए जाने चाहिए थे। खेद का विषय है कि तीन दशक पुराना यह 'कश्मीर संकल्प' अब भी अधूरा है।




**मेष राशि** : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

**वृष राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बीतेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा, एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता हैं ।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्य स्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि** : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बीतेगा आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या राशि** : आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा । आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं । आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी ।

**तुला राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है ।

**धनु राशि** : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशि** : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है । आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, जिससे जीवनसाथी बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**मीन राशि** : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। ऑफिसियल यात्रा का कार्यक्रम बन सकता हैं।

# मातृभाषा हमारी आत्मा की आवाज है

डॉ.अशोक कुमार भार्गव

प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में लिखने पढ़ने सीखने समझने संवाद स्थापित करने का अधिकार है क्योंकि मातृभाषा हमारी आत्मा की आवाज होती है। वह मात्र शब्दों का समूह या जाल नहीं होती वरन हमारी संस्कृति, संस्कार, मूल्य, परंपरा, विरासत और अस्मिता की पहचान होती है। वह हमारी सोच,समझ, भाव, विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है, सामाजिक गठन,व्यक्तित्व विकास,सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन में सहायक होती है। सामान्य अर्थों में बच्चा जन्म लेने के बाद पहली बार जिस ध्वनि स्पर्श या संकेत में मां शब्द कहता है वही उसकी मातृभाषा होती है जो वह मां के झूले पालने में, मां की पवित्र गोद में धीरे-धीरे सीखता है। यही उसके भावनात्मक लगाव, सामाजिक जुड़ाव,जटिल मानसिक परिस्थितियों को समझने, संज्ञानात्मक विकास और रचनात्मकता का आधार बनती है। 21 फरवरी को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पृष्ठभूमि सन 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान वर्तमान में बांग्लादेश में हुए भाषाई आंदोलन से संबंधित है। सन् 1947 में पाकिस्तान के जन्म के बाद उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित किया और पूर्वी पाकिस्तान में भी उर्दू को ही राष्ट्रभाषा के रूप में थौपने का प्रयास किया किंतु पूर्वी पाकिस्तान ने अपनी मातृभाषा बांग्ला को आधिकारिक भाषा घोषित करने की मांग की जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया फल स्वरुप 21 फरवरी1952 को ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रदर्शन किया जिसे पाकिस्तान की पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बर्बरता पूर्वक समाप्त कर दिया जिसमें अनेक छात्र मारे गए। बांग्लादेश में यह दिवस दुखद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मातृभाषा के इस भाषाई संघर्ष को मान्यता देने के लिए वैश्विक स्तर पर मातृभाषा दिवस मनाने की मांग कनाडा के बंगाली नागरिक रफीकुल इस्लाम ने की थी जिसे यूनेस्को ने स्वीकार कर किया और 21 फरवरी 2000 को पहला विश्व मातृ भाषा दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता का संरक्षण, बहुभाषिकता के प्रति चेतना, लुप्त प्राय भाषाओं को संरक्षित करना और मातृभाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। वास्तव में यह दिवस अपनी मातृभाषा के प्रति निष्ठा, वचनबद्धता,ममत्व, लगाव और भावनात्मक जुड़ाव के प्रकटिकरण का स्मारक दिवस है। यूनेस्को का अनुमान है कि दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 40% भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। डिजिटल क्रांति के इस दौर में सोशल मीडिया में मात्र 100 से भी कम भाषाओं का उपयोग हो रहा है।अन्य भाषाएं इस दौर की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ नहीं हो पा रही हैं।यह मानवीय सभ्यता के लिए एक गंभीर संकट है। वैश्वीकरण,शिक्षा और मीडिया में प्रमुख भाषाओं के प्रभुत्व,औपनिवेशिक विरासत, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं तथा आर्थिक कारणों से समुदायों के विस्थापन,क्षेत्रीय तथा अल्पसंख्यक भाषाओं पर तथाकथित पिछड़ेपन या अशिक्षित होने के सांस्कृतिक लांक्षन तथा लिखित में भाषाओं की स्वयं की लिपि न होने के के कारण भाषाएं विलुप्त हो रही हैं। इनके साथ ही संपूर्ण बौद्धिक सांस्कृतिक विरासत, हमारी पहचान, प्रकृति, गणित, दर्शन, लोकगीत, लोक कथाऐं, कहावतें मुहावरे, कविताएं, गीत, दादी,नानी की कहानियां,अभिव्यक्ति की अनूठी तकनीक आदि सभी भी विलुप्त हो रही हैं। इसलिए भाषाई विविधता और लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण, उनके पुनरुद्धार की आवश्यकता, मातृ भाषाओं का सम्मान और मातृभाषा में बोलने के मूल अधिकार की रक्षा करना आज सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती है। इसी वास्तविकता को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 2022 - 2032 को अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी भाषा दशक के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दशक इसलिए महत्वपूर्ण है कि हम विलुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर सकारात्मक पहलों को अंजाम दें क्योंकि भाषाई विविधता हमारी ताकत है विरासत है। मातृभाषा की महत्ता अनुपम होती है।मातृभाषा के बिना व्यक्ति गूंगा हो जाता है। प्रखर पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ने कहा था मुझे देश की आजादी और भाषा की आजादी इनमें से किसी एक को चुनना हो तो मैं निःसंकोच भाषा की आजादी चुनूंगा क्योंकि देश की आजादी के बावजूद भाषा की गुलामी रह सकती है।अगर भाषा आजाद हुई तो देश गुलाम नहीं रह सकता। वास्तव में भाषा का रिश्ता महज संवाद तक सीमित नहीं होता यह व्यक्ति की अस्मिता और स्वाभिमान से भी जुड़ी होती है। औपनिवेशिक शासन के घोर विरोधी और स्वभाषा के समर्थक केन्या के महान लेखक थ्योंगो ने कहा था कि जब मैं उनकी भाषा में लिखता था तो उन सब का प्रिय लेखक था लेकिन जैसे ही मैंने अपनी मातृभाषा गिकुयू में लिखना प्रारंभ किया तो मुझे गिरफ्तार कर लिया गया तब मेरी समझ में आया कि आजादी तक सिर्फ अपनी मातृभाषा के जरिए ही पहुंचा जा सकता है। महात्मा गांधी ने भी 1937 में वर्धा में नई तालीम के प्रस्ताव में बच्चों को अनिवार्य निशुल्क शिक्षा के साथ प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा देने और कौशल उन्नयन पर बल दिया था। भारत के राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि यदि से मैंने मातृभाषा में विज्ञान और गणित की शिक्षा प्राप्त नहीं की होती तो मैं आज इतना बड़ा वैज्ञानिक नहीं बन सकता था। अगर विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाना है तो विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, वे जल्दी सीखते हैं और अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी मातृभाषा स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिक शिक्षा के माध्यम के रूप में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। निसंदेह मातृभाषा हमारी संस्कृति और सामाजिक पहचान से जुड़ी होती है । मातृभाषा से ही हमारी परंपराएं , रीति रिवाज और बौद्धिक विरासत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होती है। अतः मातृभाषा के बिना हम अपने भावों,विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने में समर्थ नहीं होते। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के अमृत काल में भी हम गुलामी के प्रतीक चिन्हों से चिपके हुए हैं। विकसित भारत के स्वप्न की पूर्णता हमारी एकजुट एकता, राष्ट्र के प्रति नागरिक कर्तव्यों का पालन, विरासत पर गर्व और गुलामी की हर सोच से मुक्ति पर निर्भर करती है। गुलामी की जंजीरें टूट गई किंतु अंग्रेजी का प्रभुत्व आज भी कायम है। हम अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के कॉन्वेंट स्कूल में प्रवेश दिलाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक मानते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# भारत-साउथ अफ्रीका सुपर-8 में महामुकाबले को तैयार, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बनेगा गवाह

एजेंसी, नई दिल्ली




दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में रविवार, 22 फरवरी को भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मैच केवल ग्रुप स्टेज की जंग नहीं, बल्कि 2024 के फाइनल की यादें ताजा करने वाली भिड़ंत भी है। भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की कमान एडन मारक्रम के हाथों में है। दोनों टीमें सुपर-8 में अजेय लय के साथ प्रवेश कर चुकी हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अपने-अपने ग्रुप में चारों मैच जीतकर दबदबा बनाया। अहमदाबाद की पिच पर दोनों टीमों का अनुभव भी समान है साउथ अफ्रीका ने अपने ग्रुप-डी के तीन मुकाबले यहीं खेले, जबकि भारत ने नीदरलैंड को इसी पिच पर हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ऐसे में यह मुकाबला परिस्थिति और माहौल से भलीभांति परिचित दो मजबूत टीमों के बीच कड़े संघर्ष का संकेत देता है। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मुकाबले हमेशा रोमांच से भरपूर रहे हैं। अब तक खेले गए सात मैचों में भारत ने पांच बार जीत दर्ज की है, जबकि दक्षिण अफ्रीका केवल दो मैचों में सफल रहा है। 2010 में सेंट लूसिया में भारत का सर्वोच्च स्कोर 186/5 रहा, वहीं 2007 में डरबन में दक्षिण अफ्रीका 116/9 के अपने न्यूनतम स्कोर पर ढेर हुआ था। व्यक्तिगत प्रदर्शनों की बात करें तो उस सुरेश रैना ने इन मुकाबलों में सर्वाधिक 170 रन बनाए थे, जबकि डेविड मिलर औसत के मामले में शीर्ष पर हैं। गेंदबाजी में भारत के लिए आरपी सिह और रविचंद्रन अश्विन पांच-पांच विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे सफल रहे हैं। रणनीति की बात करें तो अहमदाबाद की पिच अक्सर स्पिन गेंदबाजों की मददगार साबित होती है। भारत के पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसी दमदार स्पिन जोड़ी मौजूद है, जबकि दक्षिण अफ्रीका को मार्करम और केशव महाराज से काफी उम्मीदें होंगी। आमिर की हालिया भविष्यवाणी के बाद भारतीय टीम पर खुद को साबित करने का दबाव भी बढ़ गया है। अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन बड़ा मंच खिलाड़ियों को लय में लौटने का अवसर भी देता है। दक्षिण अफ्रीका के सामने 2024 की कड़वी हार की यादें भी हैं, जब ब्रिजटाउन में भारत ने सात रन से जीत दर्ज की थी। इस बार दोनों टीमें सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी और क्रिकेट जगत की निगाहें अहमदाबाद में होने वाली इस ऐतिहासिक जंग पर टिकी होंगी।

### संभावित टीम

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल।

**दक्षिण अफ्रीका** : एडेन मार्कराम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्खिया, क्वेना मफाका, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ, कॉर्बिन बॉश।

# अभिषेक इस कारण हो रहे असफल : अश्विन

## फार्म हासिल करने के लिए भी दिये सुझाव

एजेंसी, चेन्नई



भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तक टी20 विश्वकप मैचों में रन बनाने में असफल रहे हैं। अभिषेक अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं। जिससे सुपर-8 में उनके प्रदर्शन को लेकर चिंताएं बढ़ गयी हैं। वहीं पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इस युवा बल्लेबाज को असफल होने के कारण बताने के साथ ही फार्म हासिल करने के लिए अहम सुझाव भी दिया है। अश्विन ने उनकी बल्लेबाजी का आंकलन करते हुए उनकी कमजोरी बताई है। अश्विन के अनुसार अब अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों ने अभिषेक के खेलने के तरीके को समझ लिया है। इसलिए गेंदबाज अब उन्हें हावी होने के लिए बिल्कुल जगह नहीं देते। गेंदबाज अब अभिषेक के शरीर के बहुत करीब गेंदबाजी कर रहे हैं। वहीं अभिषेक अपना सामने वाला पैर हटाकर जोर से बल्ला घुमाते हैं। ऐसे में जब गेंद शरीर के करीब आती है तो उन्हें शॉट खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है जिससे वह आउट हो रहे हैं। अश्विन के अनुसार अगर नीदरलैंड के खिलाफ मैच को देखें तो गेंदबाज आर्यन दत्त ने इसी रणनीति का प्रयोग किया। आर्यन ने गेंद को अंदर की तरफ एंगल दिया जिससे वह सीधे अभिषेक के शरीर की लाइन में आई। अभिषेक उस गेंद की लाइन में नहीं आ सके और बोल्ड को गये। अभिषेक को शॉट खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिली जिसके कारण वह आउट हो गए। गेंदबाजों ने इस प्रकार अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी पर अंकुश लगा दिया हहै। अश्विन ने अभिषेक को अपनी तकनीक सुधारने के लिए सलाह देते हुए कहा कि उन्हें शिवम दुबे की बल्लेबाजी देखनी चाहिये। शिवम भी अपना पैर हटाते हैं लेकिन उनका सिर हमेशा गेंद की लाइन में रहता है। अश्विन का सुझाव है कि नई गेंद का सामना करते समय अभिषेक को सिर के साथ आगे बढ़ना चाहिए। केवल पैर हटाकर जगह बनाने की जगह पर उन्हें गेंद की दिशा और गति के अनुसार तालमेल बिठाना होगा। अगर वह शिवम की तरह गेंद की लाइन में रहकर खेलेंगे तो उन्हें ज्यादा लाभ होगा। पावरप्ले में सफल होने के लिए उन्हें अपने फुटवर्क में यह छोटा सा बदलाव करना होगा। अश्विन का मानना है कि तकनीकी सुधार ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक लंबी पारी खेलने में सहायता करेंगे। अश्विन के अनुसार, एक या दो मैचों की विफलता के आधार पर खिलाड़ी को बाहर नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि अभिषेक एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं और लय मे होने पर पावरप्ले में बहुत आक्राम साबित होते हैं। हालिया खराब फॉर्म का एक कारण उनकी बीमारी भी है जिससे उनकी एकाग्रता टूटी है। अश्विन ने अभिषेक की प्रतिभा पर पूरा भरोसा जताया है और उन्हें टीम में बनाए रखने का समर्थन किया है।

# एफआईएच मेंस प्रो लीग के होबार्ट चरण में स्पेन ने भारत को 2-0 से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय पुरुष हॉकी टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन स्पेन ने अपने मौकों का बेहतर उपयोग करते हुए जीत दर्ज की। स्पेन के लिए इग्नासियो अबाजो (6') और इग्नासियो कोबोस (36') ने एक-एक गोल किया, जो निर्णायक साबित हुए।

**पहले क्वार्टर में स्पेन की बढ़त-** मैच की शुरुआत में भारतीय टीम ने तेज पासिंग और आक्रामक रुख अपनाते हुए खेल पर नियंत्रण बनाने की कोशिश की। हालांकि, स्पेन की जवाबी रणनीति कारगर साबित हुई। छठे मिनट में इग्नासियो अबाजो ने शानदार डिफ्लेक्शन के जरिए गोल कर स्पेन को बढ़त दिलाई। भारत ने गोल खाने के बाद भी संयम बनाए रखा और मिडफील्ड से तेज मूव बनाते हुए कई मौके तैयार किए। पहले क्वार्टर के अंत में अभिषेक ने जोरदार शॉट लगाया, लेकिन स्पेन के गोलकीपर लुइस कालजादो ने बेहतरीन बचाव करते हुए बराबरी का मौका छीन लिया।

**दूसरे और तीसरे क्वार्टर में संघर्ष-** दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। 24वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने शानदार बचाव किया। हाफ टाइम तक स्पेन 1-0 से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में स्पेन ने दबाव बढ़ाया और 36वें मिनट में इग्नासियो कोबोस ने नजदीक से गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद स्पेन को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने अनुशासित खेल दिखाते हुए और गोल नहीं होने दिया।

**अंतिम क्वार्टर में भारत का प्रयास नाकाम-** चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत ने जोरदार वापसी की कोशिश की। टीम ने स्पेन के सर्कल में लगातार दबाव बनाया और पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन उसे भुना नहीं सकी। भारतीय गोलकीपर होननेहल्ली शशिकुमार मोहिथ ने भी एक-के-बनाम-एक स्थिति में शानदार बचाव किया। अंतिम चार मिनट में भारत ने अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी उतारने के लिए गोलकीपर को बाहर बुलाया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद टीम गोल नहीं कर सकी।

# सुपर-8 में इंग्लैंड और श्रीलंका की अहम भिड़ंत, पल्लेकेले में इंग्लैंड बदलेगा लय

एजेंसी, पल्लेकेले




टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में आज पल्लेकेले में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड भले ही सुपर-8 में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन उसका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। टीम को एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड इस मैच के जरिए अपनी लय वापस हासिल करना चाहेगा। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट से पहले आयोजित तीन मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड ने श्रीलंका का 3-0 से क्लीन स्वीप किया था, जिससे टीम को एकबार फिर प्रेरणा मिल सकती है। दूसरी ओर, सह-मेजबान श्रीलंका ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। आयरलैंड और ओमान को हराने के बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से मात देकर अपने इरादे साफ कर दिए थे। हालांकि, अंतिम ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे के हाथों मिली हार ने उसके अभियान को थोड़ा झटका दिया। श्रीलंका अब घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर सुपर-8 में मजबूत शुरुआत करना चाहेगा। टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अब तक शानदार फॉर्म में हैं और इस विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोररों में दूसरे स्थान पर हैं। उनके अलावा कुसल मेंडिस भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और चार मैचों में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय रही है। जैकब बेथेल ने जरूर 143 रन बनाकर प्रभावित किया है, लेकिन कप्तान हैरी ब्रूक और जोस बटलर की फॉर्म अभी भी टीम को परेशान कर रही है। गेंदबाजी में आदिल राशिद और लियाम डॉसन इंग्लैंड की उम्मीदों का केंद्र होंगे। राशिद चार मैचों में छह विकेट ले चुके हैं और स्थिति उनके पक्ष में रही तो वह श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर भी टीम को भरोसा रहेगा। श्रीलंका की गेंदबाजी में महीश तीक्षाना छह विकेट के साथ सबसे सफल रहे हैं। हालांकि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है, लेकिन उनकी जगह आए दिलशान मदुशंका ने प्रभावित किया है। दुशमंथा चमीरा भी आखिरी मैच में आराम करने के बाद वापसी के लिए तैयार हैं। मैच पर बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है, जिससे परिणाम प्रभावित हो सकता है। दोपहर 3 बजे शुरू होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए सुपर-8 के अभियान में टोन सेट करने वाला साबित होगा।

### टीम इस प्रकार हैं:

**इंग्लैंड:** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका:** कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, दासुन शनाका (कप्तान), चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

## व्यापार

# टाटा मोटर्स ने लॉन्च की नई पंच ईवी फेसलिफ्ट, 468 किमी की धांसू रेंज; अत्याधुनिक लग्जरी फीचर्स से है लैस

**नई दिल्ली** । भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहकों के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए टाटा मोटर्स ने अपनी बहुचर्चित 'पंच ईवी फेसलिफ्ट को आखिरकार लॉन्च कर दिया है। इस शानदार माइक्रो इलेक्ट्रिक एसयूवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.69 लाख रुपये तय की गई है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 12.59 लाख रुपये तक जाती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने 'बैटरी-एज-ए-सर्विस का बेहतरीन विकल्प भी पेश किया है। इस खास प्लान के तहत आप इस एसयूवी को मात्र 6.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर घर ले जा सकते हैं, जिसमें आपको बैटरी किराये के रूप में प्रति किलोमीटर 2.6 रुपये का भुगतान करना होगा। एमआर और एलआर जैसे अलग-अलग वेरिएंट्स में उपलब्ध इस कार की बुकिंग ऑनलाइन और डीलरशिप दोनों जगहों पर शुरू हो चुकी है।

**प्रीमियम इंटीरियर और अत्याधुनिक लग्जरी फीचर्स से लैस-** नई पंच ईवी के डिजाइन और इंटीरियर में कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो इसे टाटा की प्रीमियम कारों के करीब लाते हैं। कार के अंदर 10 इंच की शानदार इंफोटेनमेंट स्क्रीन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और रोशन लोगो वाला दो स्पोक स्टीयरिंग व्हील दिया गया है। इसके अलावा, एप्पल कारप्ले, एंड्रॉयड ऑटो, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, कूल्ड ग्लवबॉक्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल और 360-डिग्री कैमरा जैसे अत्याधुनिक फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं। सेंटर कंसोल में टच-ऑपरेटेड कंट्रोल, रोटरी डायल और डैशबोर्ड पर डुअल-टोन शेड्स के साथ लेदरेट अपहोल्स्ट्री इसके केबिन को एक बेहद लग्जरी लुक देते हैं।



**दमदार बैटरी पैक और सुपरफास्ट चार्जिंग की सुविधा-** 'रुह्लद्ब.द्न1 प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई इस कार में दो दमदार बैटरी पैक के विकल्प मिलते हैं। इसका बड़ा 40द्मङ्खद्ध बैटरी पैक एआरएआई के अनुसार 468 किलोमीटर की अधिकतम रेंज देता है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल में करीब 355 किलोमीटर तक आसानी से चलती है। वहीं, 30द्मङ्खद्ध बैटरी पैक का विकल्प भी मौजूद है जो लगभग 365 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। चार्जिंग के लिए कंपनी ने डीसी फास्ट चार्जर (ष्टष्टस्2), 7.2 किलोवाट वॉल बॉक्स चार्जर और 3.3 किलोवाट होम चार्जर जैसे तीन बेहतरीन विकल्प दिए हैं। डीसी फास्ट चार्जर की मदद से इसे 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज होने में मात्र 26 मिनट का समय लगता है और सिर्फ 15 मिनट की चार्जिंग में यह कार 135 किलोमीटर तक दौड़ने के लिए तैयार हो जाती है। ग्राहकों के भरोसे को जीतने के लिए कंपनी बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी भी दे रही है।

**सुरक्षा के मामले में भी पूरी तरह बेजोड़-** टाटा मोटर्स ने हमेशा की तरह अपनी इस नई कार में भी यात्रियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा है। सुरक्षा के लिहाज से सभी मॉडलों में 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम (श्वस्क्क), हिल होल्ड असिस्ट, आई-टीपीएमएस और आइसोफिक्स माउंट जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स शामिल किए गए हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद मामूली बढ़त दर्ज की

**मुंबई**। भारतीय शेयर बाजार ने 20 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में मिश्रित रुझान दिखाया, लेकिन सप्ताह के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ बंद किया। सप्ताह के दौरान वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेत, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। हालांकि, ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया और हफ़्ते के आखिरी दिन मामूली सुधार देखने को मिला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को कमजोर रही। सेंसेक्स 82,276.95 अंक पर खुला और शुरुआती गिरावट के बाद 537.49 अंक की तेजी के साथ 83,164.25 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25,372.70 से 25,660 तक बढ़ा। मंगलवार को भी शुरुआती कारोबार में गिरावट देखी गई, लेकिन इंफोसिस और




आईटीसी जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 173.81 अंक और निफ्टी को 42.65 अंक ऊपर लाकर बाजार को स्थिर किया। बुधवार को बाजार में मामूली बढ़त रही। सेंसेक्स 283.29 अंक बढ़कर 83,734.25 और निफ्टी 93.95 अंक की बढ़त के साथ 25,819.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को स्थिति बदल गई। सेवा और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में बिकवाली के दबाव ने सेंसेक्स को 1,236.11 अंक गिराकर 82,498.14 और निफ्टी को 365 अंक घटाकर 25,454.35 पर ला दिया, जो

**▪ ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया**

सप्ताह का सबसे नकारात्मक दिन था। शुक्रवार को बाजार ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए बैंकिंग और पूंजीगत वस्तुओं में खरीदारी से सुधार दिखाया। सेंसेक्स 316.57 अंक बढ़कर 82,814.71 और निफ्टी 116.90 अंक की बढ़त के साथ 25,571.25 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंत में, सेंसेक्स ने लगभग 538 अंक और निफ्टी ने 199 अंक की मामूली बढ़त दर्ज की। इस सप्ताह की गतिविधियों ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय निवेशक वैश्विक अनिश्चितताओं और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भी सतर्क रहते हुए चुनिंदा खरीदारी कर बाजार को स्थिर बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

# व्हाट्सएप ने रोलआउट किया धांसू फीचर, अब ग्रुप में जुड़ने वाले नए मेंबर्स को आ जाएगा मजा

**नई दिल्ली** । मेटा के स्वामित्व वाले लोकप्रिय मेसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने अपने यूजर्स की एक बड़ी परेशानी को दूर करते हुए 'ग्रुप मैसेज हिस्ट्री नाम का एक बेहद काम का नया फीचर रोलआउट किया है। यह बड़ा अपडेट विशेष रूप से उन ग्रुप्स के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा, जहां अक्सर नए लोगों को जोड़ा जाता है। अब तक किसी भी नए सदस्य को ग्रुप में ऐड किए जाने पर वह केवल उसी समय के बाद के मैसेज पढ़ पाता था, जिससे उसे चल रही बातचीत का संदर्भ समझने में काफी दिक्कत होती थी। इस नए फीचर के आने से अब ग्रुप में शामिल होने वाले नए मेंबर्स उन हालिया संदेशों को भी आसानी से देख सकेंगे, जो उनके जुड़ने से पहले भेजे गए थे। इससे ग्रुप ऑनबोर्डिंग आसान होगी और नए सदस्य को बार-बार पुरानी बातों के बारे में पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# 1 अप्रैल से नेशनल हाईवे पर बंद हो सकती है कैश पेमेंट, पूरी तरह डिजिटल टोल सिस्टम लागू करने की योजना

**नई दिल्ली** । सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) देश भर के नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से नकद लेनदेन पूरी तरह बंद करने पर विचार कर रहा है। इस कदम से नेशनल हाईवे पर पूरी तरह डिजिटल टोलिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा। योजना लागू होने के बाद सभी टोल भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से किए जाएंगे, जिनमें फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, इस प्रस्ताव का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन से मिली उपलब्धियों को मजबूत करना और टोल प्लाजा संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाना है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह बदलाव नेशनल हाईवे




उपयोगकर्ताओं के लिए 'ईज ऑफ कम्यूटिंग को बेहतर बनाएगा। इससे लेन की क्षमता बढ़ेगी, टोल प्लाजा पर भीड़ कम होगी और टोल ट्रांजैक्शन में पारदर्शिता आएगी। देश में फास्टैग की पहुंच 98 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है, जिससे टोल संग्रह प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। अधिकांश टोल ट्रांजैक्शन अब आरएफआईडी आधारित फास्टैग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से किए जा रहे हैं, जिससे टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही बिना रुकावट और संपर्क रहित तरीके से हो रही है। एनएचएआई के अनुसार, नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर यूपीआई भुगतान की सुविधा भी शुरू कर दी गई है, जिससे यात्रियों को तुरंत और आसान डिजिटल भुगतान विकल्प मिल रहे हैं। वर्तमान में यदि कोई वाहन बिना वैध और सक्रिय फास्टैग के टोल प्लाजा में प्रवेश करता है और नकद भुगतान करता है, तो उससे निर्धारित शुल्क का दोगुना लिया जाता है। वहीं, जो उपयोगकर्ता यूपीआई के जरिए भुगतान करते हैं, उनसे निर्धारित वाहन श्रेणी के अनुसार 1.25 गुना शुल्क लिया जाता है। सरकार का कहना है कि केवल डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने से संचालन में दक्षता बढ़ेगी, ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर होगा, देरी कम होगी और देश भर के 1,150 से अधिक टोल प्लाजा पर यात्रियों का अनुभव बेहतर होगा।

# केंद्र ने व्यापार सूचकांक के आधार वर्ष को वित्त वर्ष 2022-23 में अपडेट किया

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव कर इसे वित्त् वर्ष 2012-13 से बदल कर वित्त् वर्ष 2022-23 कर दिया है। यह कदम देश की बदलती व्यापार संरचना और वैश्विक रुझानों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव की घोषणा कर इसे 2012-13 से बदल कर 2022-23 कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था में आए ढांचागत बदलावों, व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस बदलाव से व्यापारिक आंकड़ों की प्रासंगिकता और विश्वसनीयता बढ़ेगी, जो नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए अब अधिक उपयोगी साबित होंगी। ये सूचकांक मंत्रालय के अधीन आने वाले वाणिज्यिक खुफिया एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई-एंड-एस) द्वारा तैयार एवं प्रकाशित किए जाते हैं। ये सूचकांक देश के बाहरी व्यापार क्षेत्र में कीमतों के उतार-चढ़ाव को समझने, राष्ट्रीय खातों के संकलन और व्यापार की शर्तों के आकलन के लिए महत्वपूर्ण संकेतक माने जाते हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार सूचकांकों का संकलन और प्रकाशन करने वाले डीजीसीआई-एंड-एस ने कहा कि व्यापार सूचकांकों का आधार वर्ष में यह संशोधन अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों, वस्तुओं की बदलती संरचना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तनों के अनुरूप आंकड़ों को समायोजित करता है।

# एयरटेल का शानदार तोहफा, कंपनी ने अपने इन यूजर्स के लिए किया अनलिमिटेड डेटा का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली** । देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने अपने ग्राहकों को एक शानदार तोहफा दिया है। कंपनी ने अब अपने सभी पोस्टपेड प्लान्स पर अनलिमिटेड डेटा देने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। पहले यह खास ऑफर केवल कुछ चुनिंदा सर्किलों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे देश भर के सभी सर्किलों के लिए लागू कर दिया गया है। कंपनी अपने एआरपीयू (रक्रक्क) को बेहतर बनाने के मकसद से यह कदम उठा रही है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक प्रीपेड से पोस्टपेड की ओर स्विच करने के लिए आकर्षित हों।

**449 रुपये वाले बेस प्लान में मिलेंगे ढेरों फायदे-** एयरटेल के पोस्टपेड प्लान्स की शुरुआती कीमत 449 रुपये है, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी (त्रस्ञ्ज) का भुगतान अलग से करना होता है। इस प्लान में एक महीने की वैलिडिटी के साथ सामान्य तौर पर 50त्रक्च डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं, लेकिन नए ऑफर के तहत अब यूजर्स को अनलिमिटेड डेटा दिया जाएगा। हालांकि, इसमें 30 दिनों के लिए 300त्रक्च की फेयर यूसेज पॉलिसी (स्नक्क) लिमिट तय की गई है। इसके अलावा, ग्राहकों को एडिशनल बेनिफिट्स के तौर पर 100त्रक्च गूगल वन (त्रशशद्द्यद्ग ह्रठ्ठद्ग) क्लाउड स्टोरेज, तीन महीने का जियो-हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन, एक साल का एडोब प्रीमियम और एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले का फ्री एक्सेस भी मिलेगा।




**699 रुपये वाले फैमिली प्लान पर भी लागू होगा नया ऑफर-** सिंगल यूजर के अलावा, एयरटेल का 699 रुपये से शुरू होने वाला फैमिली पोस्टपेड प्लान भी इस नए अनलिमिटेड डेटा ऑफर के दायरे में आएगा। इस प्लान पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त लगता है और इसके जरिए एक साथ दो लोगों के सिम कार्ड एक्टिव रखे जा सकते हैं। इस फैमिली प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग और डेली एसएमएस के साथ वैसे तो 105त्रक्च डेटा दिया जाता है, लेकिन कंपनी के नए ऐलान के बाद अब इन ग्राहकों को भी अनलिमिटेड डेटा की सुविधा मिलेगी।

# नित्या मेनन ने बढ़ाया एक और कदम, अब प्रोड्यूसर बन जीतेंगी लोगों का दिल



अपने अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया। अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है। अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का-सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है- कीयूरी प्रोडक्शंस। वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें ' थि रु चि त्रा म्ब ल म (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं। साल 1998 में एक बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली नित्या मेनन बॉलीवुड की फिल्म मिशन मंगल में नजर आई थीं।

# तुम्बाड 2 में होगा अंतरराष्ट्रीय धमाका, निर्माताओं ने इन धुरंधरों को किया शामिल




सोहम शाह की फिल्म तुम्बाड साल 2018 में रिलीज हुई थी जिसने सफलता का स्वाद बखूबी चखा। फिल्म के दृश्य, कहानी और कॉन्सेप्ट ने हर किसी का मन मोह लिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि लोग इसके सीक्वल से ढेरों उम्मीदें लगाकर बैठे हुए हैं। निर्माताओं ने तुम्बाड 2 का ऐलान तो पहले ही कर दिया था। खबर है कि फिल्म का लेवल बढ़ाने के लिए एक खास तैयारी चल रही है, जिसे सुनकर लोगों का उत्साह बढ़ जाएगा। तुम्बाड 2 के जरिए अपनी पौराणिक दुनिया और दृश्य पैमाने को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने जाने-माने अंतरराष्ट्रीय कलाकारों को परियोजना में शामिल करने की योजना बनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि लॉस एंजिल्स स्थित कॉन्सेप्ट आर्टिस्ट और क्रिएचर डिजाइनर साइमन ली और लोकप्रिय प्रोस्थेटिक डिजाइनर शॉन हैरिसन इसके साथ जुड़ गए हैं। निर्माताओं का यह फैसला सीक्वल के सिनेमाई लेवल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साइमन को कई हॉलीवुड फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने गॉडजिला वर्सेस कोंग, गॉडजिला: किंग ऑफ द मॉन्स्टर्स और द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिंग्स ऑफ पावर जैसी फिल्मों में प्रभावशाली जीव-जंतुओं को डिजाइन किया है। उनके साथ हैरिसन भी द ममी, एवेंजस:र् एज ऑफ अल्ट्रॉन और हैरी पॉटर फ्रैंचाइजी में प्रोस्थेटिक डिजाइनर के तौर पर योगदान दे चुके हैं। कुल मिलाकर निर्माता इन धुरंधरों को शामिल करके सीक्वल का लेवल काफी बढ़ाने वाले हैं।

# हॉरर थ्रिलर फिल्म 'ईशा की ओटीटी रिलीज डेट आई सामने, 20 फरवरी से प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'ईशा इन दिनों काफी चर्चा में है. ये एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसमें लीड रोल में हेबा पटेल नजर आई हैं. रिलीज से पहले फिल्म का काफी प्रमोशन किया गया था जिस वजह से लोगों के बीच इसे लेकर अच्छा खासा बज बना हुआ था. हालांकि रिलीज के बाद फिल्म को क्रिटिक्स से मिले-जुले रिव्यू मिले है. किसी ने इसकी कहानी की तारीफ की तो किसी को इसका ट्रीटमेंट थोड़ा अलग लगा है. फिल्म 17 फरवरी से भारत के बाहर प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई थी. इस खबर से भारतीय दर्शक थोड़े निराश हो गए थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि फिल्म एक साथ हर जगह रिलीज होगी. लेकिन अब उनके लिए अच्छी खबर आ गई है. 'ईशा 20 फरवरी से भारत में भी प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है. इस तारीख का खुलासा खुद फिल्म की स्टार कास्ट ने अपने-अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर किया है. बताया जा रहा है कि फिल्म का ओटीटी विंडो पूरे आठ हफ्तों का है. जो तेलुगु सिनेमा में काफी कम देखने को मिलता है. आमतौर पर फिल्में जल्दी ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ जाती हैं लेकिन 'ईशा ने थोड़ा अलग रास्ता अपनाया है. फिलहाल फिल्म के डब्ड वर्जन को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है. यानी अभी ये साफ नहीं है कि इसे हिंदी या दूसरी भाषाओं में कब तक देखा जा सकेगा. फिल्म में अदित अरुण, अखिल राज, सिरी हनमंथ और पृथ्वीराज भी अहम किरदारों में नजर आए हैं. इस फिल्म को श्रीनिवास मन्ने ने डायरेक्ट किया है जबकि इसे प्रोड्यूस किया है केएल दामोदर प्रसाद ने. फिल्म का म्यूजिक आरआर ध्रुवन ने दिया है. वहीं तेलुगु स्टेट्स में फिल्म को वामसी नंदीपाटी और बन्नी वास ने डिस्ट्रीब्यूट किया है. 'ईशा की कहानी चार बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो अंधविश्वास को गलत साबित करने की कोशिश करते हैं. लेकिन उनकी ये कोशिश उन्हें एक ऐसी शक्तिशाली आध्यात्मिक शख्सियत के सामने ला खड़ा करती है जो उनकी सोच को पूरी तरह हिला कर रख देती है. जिंदगी, मौत और अनजाने रहस्यों से जुड़ी सच्चाइयां सामने आने लगती हैं और यहीं से कहानी में असली सस्पेंस शुरू होता है. अब देखना होगा कि ओटीटी पर फिल्म को लोगों का कैसा रिस्पॉन्स मिलता है.




# कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी




फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म कैनेडी को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी कैनेडी की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए। उन्होंने कहा, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा। सनी लियोनी ने कहा, पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है। फिल्म कैनेडी में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का




जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। सनी ने कहा, यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यह आसान नहीं होता। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।

# ओ रोमियो ने 5वें दिन पलटी बाजी, बंपर कमाई के साथ तोड़ दिए ये रिकॉर्ड

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को वैलेंटाइन डे से ठीक एक दिन पहले रिलीज हुई जिसने प्यार और वार का एक अलग पहलू दिखाया है। फिल्म को समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और दर्शक दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ कर रहे हैं। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्म के आंकड़ों में मंदी देखी गई थी, लेकिन 5वें दिन इसने रफ्तार पकड़ ली और बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। सैकनिल्क के मुताबिक, ओ रोमियो ने पहले दिन 8.5 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला। दूसरे दिन कमाई और भी बढ़ गई और फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन 9 करोड़ कमाए, लेकिन चौथे दिन, यानी सोमवार को 4.75 करोड़ के साथ कमाई में गिरावट देखी गई। इस कसर को 5वें दिन फिल्म ने पूरा कर लिया और बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ का कारोबार किया। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 40 करोड़ रुपये हो गई है। ओ रोमियो ने रिलीज के 5वें दिन अपनी रफ्तार को बढ़ाते हुए अच्छी कमाई कर दिखाई है। इसी के साथ शाहिद ने अपनी 2 फिल्मों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है जिसमें फटा पोस्टर निकला हीरो (36.37 करोड़ रुपये) और बदमाश कंपनी (34.98 करोड़) शामिल हैं। फिल्म निर्माता नाडियाडवाला ग्रैंडसंस ने कुल 4 दिनों के वर्ल्डवाइड कलेक्शन आंकड़ों को साझा किया है, जिसके मुताबिक फिल्म ने दुनियाभर में कुल 61.3 करोड़ की कमाई कर ली है। मर्दानी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है और ये इस फ्रैंचाइज़ी की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फ़िल्म बनने की ओर बढ़ रही है. इन सबके बीच फिल्म की 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने कोईमोई के आंकड़ों के मुताबिक, 19वें दिन 60 लाख रुपये कमाए हैं. इंडियन बॉक्स ऑफिस पर मर्दानी 3 की कुल कमाई अब 46.6 करोड़ नेट हो गई है. 60 करोड़ के बजट में बनी रानी मुखर्जी की ये फिलम अभी भी सेफ ज़ोन में आने से काफी दूर है. हालांकि, यह जल्द ही मर्दानी 2 (47.51 करोड़) को पीछे छोड़कर फ्रेंचाइजी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी.




# रिलीज हुआ एसके26 का पोस्टर, सेयोन होगा फिल्म का नाम, कमल हासन करेंगे प्रेजेंट




यूनिवर्सल हीरो कमल हासन ने टैलेंटेड एक्टर शिवकार्तिकियन के साथ नए प्रोजेक्ट की घोषणा की। इस प्रोजेक्ट को एसके26 नाम दिया गया था और प्री-लुक ने लोगों की दिलचस्पी जगाई। लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, मेकर्स ने कुछ मिनट पहले फिल्म का टाइटल और शिवकातिकियन का दमदार फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया है। फिल्म का तमिल में नाम सेयोन है और इसका मतलब है सूरज। पोस्टर में देखा जा सकता है कि शिवकातिकियन अपने हाथ में एक हथियार लिए बैठे हैं। उनके आस-पास कई मोर हैं। अभिनेता लुंगी और बनियान पहने ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है वीरता और विजय है सेयोन। खास बात यह है कि सेयोन का मतलब तमिल भगवान मुरुगा से है, जिनका वाहन मोर है। फिल्म की कहानी और बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। संतोष नारायणन के म्यूजिक के साथ अपकमिंग फिल्म की सिनेमैटोग्राफी विवेक विजयकुमार कर रहे हैं। एडिटिंग सन लोकेश कर रहे हैं। शिवकुमार मुरुगेसन के निर्देशन में बन रही इस अपकमिंग फिल्म को कमल हासन अपने राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं। कमल हासन ने 2024 की हिट फिल्म अमरन में शिवकार्तिकियन के साथ काम किया था। सेयोन में दोनों एक बार फिर साथ आए हैं। अफवाहें हैं कि यह फिल्म गॉड ऑफ़ वॉर किताब पर आधारित है और भगवान कुमारस्वामी की कहानी बताती है। कमल हासन, आर महेंद्रन के साथ मिलकर, टर्मरिक मेडिक्यूलेशन के साथ मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। इस फिल्म को शिवकुमार मुरुगेसन डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने राधिका सरथकुमार स्टारर थाई किझावी को डायरेक्ट किया था।

# कल्याणी प्रियदर्शन ने लोका चैप्टर 2 पर कही ये बात, जानकर झूम उठेंगे फैंस

साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म लोका चैप्टर 1- चंद्रा की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कल्याणी ने लोका चैप्टर 2 पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, लोका चैप्टर 2 की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। और हां, मैं चैप्टर 2 में जरूर मौजूद रहूंगी। अभिनेत्री के बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। डोमिनिक अरुण द्वारा



निर्देशित लोका चैप्टर 1-चंद्रा ओणम, 2025 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म की कहानी पौराणिक कथाओं से प्रेरित महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बंधनों के खिलाफ एक लड़की नीली (कल्याणी) की आंतरिक लड़ाई पर आधारित है। नस्लेन, सैंडी और चंदू सलीम कुमार भी फिल्म का प्रमुख हिस्सा हैं और ममूटी ने छोटा सा कैमियो किया है।

# India joins US initiative to counter China as both 'align in def of liberty'

**New Delhi, Agency:** India formally joined Friday Pax Silica - the US flagship AI and supply chain security initiative that is widely perceived as an antidote to China's influence over critical technologies. Welcoming India, US ambassador Sergio Gor said that the coalition, which comprises some of Washington's closest allies and trusted partners as members, was about "whether free societies would control the commanding heights of the global economy" and would define the 21st century economic and technological order.




MeitY secretary S Krishnan, US undersecretary for economic growth Jacob Helberg and Gor also signed, apart from the Pax Silica Declaration, a supplementary joint statement that said this partnership signalled a new era in which the world's oldest and largest democracies stood aligned not only in defence of liberty, but in the purposeful pursuit of prosperity and harmony for their peoples.

Together, the two aspire to build an AI future that serves their citizens, strengthens their economies and societies, and refle-cts their shared values of freedom, openness, and the rule of law," the statement said.

Gor's remarks were more revealing as he said Pax Silica was a coalition of capabilities that replaced coercive dependencies with a positive sum alliance of trusted industrial bases. "India's entry into Pax Silica isn't just symbolic, it's strategic, it's essential. India is a nation with deep talent, deep enough to rival challengers," said Gor, who invited India to join the initiative that now has 11 members, on his first day in office last month.

For India, Pax Silica is another significant step towards the normalisation of the relationship with the US after both sides finalised the framework for an interim trade agreement this month. According to Gor, India brings strength to the coalition as its engineering depth and critical mineral processing capacity offered critical capabilities to the partnership. "Peace doesn't come from hoping adversaries will play fair. We all know they won't. Peace comes through strength. India understands this. India understands strong borders. India understands this part of the world.

# Delhi HC asks Sengar's brother to surrender



**New Delhi, Agency:** The Delhi high court on Friday asked Jaideep Sengar, brother of Unnao rape case convict Kuldeep Sengar, to surrender before prison authorities in connection with his conviction in the custodial death case of the survivor's father.

A bench of Justices Navin Chawla and Ravinder Dudeja was hearing a plea by the convict for further extension of interim bail upon suspension of the 10-year sentence. The HC pointed out that the interim bail granted to Jaideep on July 3, 2024 for two months on medical grounds was last extended in April 2025. A trial court had sentenced the Sengar brothers to 10 years' RI in 2020, and also imposed a fine of Rs 10 lakh, in the custodial death case.

# Indian trucker held in US for fatal crash



**Bathinda, Agency:** US Immigration and Customs Enforcement (ICE) has arrested an Indian-origin semi-truck driver with roots in Punjab after he allegedly jumped a red light and caused a three-vehicle pile-up that killed a 64-year-old man at Hendricks County in Indiana on Feb 18. Sukhdeep Singh (25) is the fourth Indian-origin person and third Sikh immigrant to be arrested in the US in last six months for alleged rash driving, leading to crashes in which nine people died.

On Aug 18 last year, Harjinder Singh (25) was accused of killing three people in Florida after making what authorities said was a reckless U-turn on a highway. Two months later, Jashanpreet Singh (21) was arrested in California for allegedly driving under influence and triggering a crash that killed three people. He had entered the US through the southern border in 2022. On Nov 24, Rajinder Kumar (32), an undocumented immigrant since 2022, was charged in Oregon after his semi-truck blocked two lanes, causing a crash that killed a pair of newlyweds.

After the White House shared a post about the accidents, advocacy group United Sikhs issued a statement, saying the statement reflected unequal treatment of a minority community. It urged govt not to single out Sikh drivers.

It cited an April 2025 govt report showing 528,177 truck accidents in 2023 that resulted in 5,472 fatalities. "These tragic numbers represent nationwide roadway safety challenges across all communities." Separately, the Sikh Coalition is challenging a new rule that seeks to limit the issuance of non-domiciled commercial drivers' licences.

# US-sanctioned Iran-linked oil tanker spent 8 days in Pak maritime boundary: FIR

**NEW DELHI/MUMBAI, Agency:** One of the three US-sanctioned Iran-linked oil tankers seized by the Indian Coast Guard (ICG) on Feb 6 off the country's coast had spent days inside Pakistan's maritime boundary with its tracking systems switched off, according to an FIR registered in Mumbai.The ICG had seized three ships - Asphalt Star, Stellar Ruby and Al Jafzia - around 100 nautical miles west of Mumbai for investigation and lodged a police complaint on Feb 15 at the Yellow Gate police station against nine persons, including the owner of the three ships for alleged illegal activities and smuggling oil linked to Iran. There were 55 crew members on board all three seized vessels.



Based on the complaint of Aniruddha Dharampal Dabash (40), an ICG commandant, Mumbai police filed an FIR and arrested the captain of MT Asphalt Star and a crew member for their alleged role in oil smuggling and forgery. Media has the copy of the FIR.

On the ship's presence in the Pakistan maritime zone, the FIR said, "Electronic chart display & information system data of MT Asphalt Star was examined by Coast Guard Officer assistant commandant P Siddharth Ratnam. It was observed that between Jan 20 and Jan 28, the vessel had entered Pakistan's maritime exclusive economic zone (EEZ)." "On Jan 28, at approximately 11 hours, the vessel had switched off its automatic identification system (AIS), very high frequency (VHF) and all sensors, thereby concealing its identity and carrying out suspicious movements. Upon further questioning, the master stated that the ship's voyage data recorder (VDR) system had stopped functioning," it said. All three ships used AIS spoofing and false identity data to evade detection.

Jogendar Singh Brar, an Indian national who is currently based in Abu Dhabi, UAE, and is said to be the owner of the ships, is named as one of the accused in the FIR.

Through sustained rummaging, corroboration of electronic data on board suspect vessels and verification documents and interrogation of crew, the ICG specialist boarding team established the modus operandi of criminals.

"We have arrested Shyam Bahadur Chauhan and one more person in this case. They were produced before a court and sent in police custody till Feb 23," said a police officer. Chauhan is the master of MT Asphalt Star. In the UAE, Brar claimed that his ships were providing essential supplies to other ships in distress far from the Indian coast and that the ships were not engaged in any illegal activity, say local media reports. The FIR stated that MT Asphalt Star was found to have illegally transferred 30 metric tonnes of heavy fuel oil to MT AL Jafiza in the EEZ of the Indian Ocean by conducting ship to ship operation without informing any Indian govt authorities. .

# MHA forms 2nd empowered committee for Bengal to fast-track requests under CAA

**New Delhi, Agency:** The Union home ministry on Friday constituted a second empowered committee for West Bengal to fast-track the processing of citizenship requests received under Citizenship Amendment Act, 2019 (CAA).




CAA provides for grant of citizenship to immigra-nts from Pakistan, Afghanistan and Bangladesh belonging to their six minority faiths - Hindu, Sikh, Christian, Buddhist, Jain and Parsi - who entered India before Dec 31, 2014, fearing religious persecution in their home countries.

In a gazette notification issued on Friday, the home ministry said West Bengal's new empowered committee - which takes the final call on citizenship applications forwarded by the district-level committee after verification of documents - shall be headed by the deputy registrar general, directorate of census operations of the state.

The original empowered committee - set up in accordance with a notification issued by MHA in March 2024 and headed by director, census operations of West Bengal - will continue to be in existence. The new empowered committee, central govt sources told Media, has been set up as the volume of applications under CAA in the state has increased. Sharing of work is expected to compress the processing time.

West Bengal has a significant number of Hindu immigrants, such as those belonging to the Matua community. BJP has been making a major outreach to them to strengthen its electoral prospects in the state.

The new empowered committee on CAA allows certain members of the empowered committee as notified on March 11, 2024 - like the jurisdictional foreigners regional registration officer and state informatics officer - to nominate an officer each, not below the rank of under secretary. Other members like an officer of the subsidiary intelligence bureau and postmaster general or a postal officer nominated by him remain the same.

Like the original empowered committee, the new panel shall include a representative from the office of West Bengal principal secretary (home) or additional chief secretary (home) and a representative of the jurisdictional divisional railway manager as invitees.

# Just off ventilator, gritty teen turns up for boards

**Chandigarh, Agency:** Thirteen days. That's how long 17-year-old Kanishka Bist was on a ventilator in an intensive care unit, as machines breathed for her and doctors kept constant watch. On Friday, wheeled in on a stretcher, still hooked to an oxygen cylinder, she wrote her Class 12 board exam. No writer. Just Kanishka and her courage.A student of Sri Guru Gobind Singh Khalsa Senior Secondary School in Sector 26, Chandigarh, Kanishka has been living with muscular dystrophy since birth. The degenerative condition has long made everyday tasks demanding, but the past few weeks tested her endurance like never before. Her latest illness began with a deceptive cough and cold.She was very clear she didn't want to miss exam: Father



Her father, Prem Singh Bist, a businessman from Zirakpur, near Chandigarh, said the medical emergency began with what seemed like routine illness. "She started getting a cough and cold on Jan 30 but her health worsened rapidly," he said.

On Feb 2, she was admitted to a hospital in Panchkula. As complications mounted, she was referred to Govt Medical College and Hospital, Sector 32, Chandigarh. Soon, she was moved to the ICU and put on ventilator support.

# Relying on decades-old rulings, SC acquits stepdad of 6-yr-old's murder

**New Delhi, Agency:** A six-year-old girl went missing in 2018. She was last seen with her stepfather. When he was arrested eight days later, he led police to the place where her charred remains were found. Supreme Court found this evidence weak and acquitted him of the murder charge.



Finding no other evidence to link the man to the murder except that he was the last person to be seen with the child according to a neighbour and he was the one to lead the police to the victim's bones, a bench of Justices Sanjay Kumar and K Vinod Chandran acquitted him, saying the investigation was botched and left many questions unanswered. "In the present case, the murder of a six-year-old girl went unpunished and her stepfather was incarcerated on mere conjecture," SC said.

In the case from Chhattisgarh, what tilted the scales towards the stepfather, Rohit Jangde, was the peculiarity of the interpretation by SC in earlier judgments on the admissibility of a statement by an accused that leads to discovery of fact relating to the crime - in this case, the recovery of the girl's body. More than 65 years ago, SC had ruled that the statement of an accused leading to discovery of facts relating to the crime would be admissible evidence only when it had been made in custody. Justices Kumar and Chandran also relied on a similar interpretation used in a nearly 100-year-old ruling by Calcutta HC.

Interestingly in the 1931 judgment, the then CJ of Calcutta HC had expressed anguish that the law permitted reliance on a statement made to police that led to discovery of fact only when the person was in police custody and had termed it absurd, but left it to the legislature to make suitable amends. Relying on these decades-old judgments, SC termed weak the telltale evidence incriminating Jangde.

Justice Chandran said even if the evidence was accepted, it would not by itself nail the guilt on the stepfather. "The knowledge of the accused, which led to the detection of the bone remnants though not acceptable under Section 27 would all the same be acceptable evidence under Section 8, which by itself is a weak piece of evidence. The evidence under Section 8 can only offer corroboration and cannot by itself result in a conviction," he said.

Acquitting the accused, the bench said, "The long gap when there was no complaint made about the missing child and the factum of none having questioned the accused, despite the family and police having been told that she went with the accused, tilts the scales in favour of the accused... Pertinent also is that since the corpus delicti was not recovered, there is no time of death specified. We are hence unable to uphold the conviction of the accused, and he has to be necessarily given the benefit of doubt."